श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 202, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 19 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# महाराष्ट्र में बोट पर मिलीं तीन एके-47 और बुलेट्स

## बोट से तीन एके-47 और बुलेट्स बरामद किए गए



**मुंबईः** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के हरिहरेश्वर तट पर गुरुवार सुबह 8 बजे के करीब समुद्र में एक संदिग्ध बोट मिली। बोट से तीन एके-47 और बुलेट्स बरामद किए गए। हरिहरेश्वर तट से करीब 32 किलोमीटर दूर भारदखोल में एक लाइफ बोट भी मिली, जिसके बाद आतंकी साजिश की आशंका जताई गई। पुलिस ने बोट को रस्सी के सहारे किनारे खींचा। इसमें काले रंग के बॉक्स में एके-47 और गोलियां थीं। पुलिस ने बताया कि जिस बॉक्स में हथियार रखे हुए थे, उस पर अंग्रेजी में नेप्च्यून मैरिटाइम सिक्योरिटी लिखा हुआ है। यह कंपनी ब्रिटेन की है। इधर, मामले पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और इंडियन कॉस्ट गार्ड का भी बयान सामने आया है, जिसमें फिलहाल आतंकी साजिश जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। हालांकि सुरक्षा के लिहाज से एटीएस की टीम मामले की जांच कर रही है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घटना को लेकर बताया कि रायगढ़ जिले के श्रीवर्धन तालुका में 1 बोट मिली है। उसमें तीन एके-47 राइफल बरामद हुई हैं। उसके साथ उसका एम्युनेशन और बोर्ड के कुछ कागजात पाए गए हैं। बोट का नाम लेडी हान है और इसकी मालकिन एक ऑस्ट्रेलियाई महिला हाना लॉन्डर्सगन हैं। उनके पति जेम्स होबर्ट बोट के कप्तान हैं।

**मस्कट से यूरोप जा रही थी बोटः** फडणवीस ने कहा- यह बोट मस्कट से यूरोप जा रही थी। 26 जून 2022 को इस बोट का इंजन खराब हुआ और इस मौजूद लोगों ने डिस्ट्रेस कॉल किया। कोरियन नेवी की शिप ने इन लोगों को रेस्क्यू किया था। रेस्क्यू करने के बाद इन लोगों को ओमान के हवाले कर दिया गया था। हाई टाइड की वजह से रायगढ़ तट पर पहुंची बोट फडणवीस ने बताया कि हाई टाइड होने के कारण इस बोट की टोइंग नहीं की जा सकी और यह तैरते हुए श्रीवर्धन के समुद्री तट पर पहुंच गई। इंडियन कोस्ट गार्ड ने इसकी पुष्टि की है। हमने अभी तक सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा है। नाकाबंदी भी जारी है। हम सभी एंगल को ध्यान में रखकर जांच को आगे बढ़ा रहे हैं। क्योंकि फेस्टिवल सीजन है कोई भी रिस्क नहीं लिया जा सकता। टेरर एंगल के सवाल पर फडणवीस ने कहा- प्राथमिक जानकारी के अनुसार अभी तक हमें कोई टेरर एंगल नजर नहीं आया है, लेकिन जांच के बाद ही सबकुछ साफ हो सकेगा।

## जम्मू-कश्मीर में 25 लाख नए वोटरः सेना के जवान और प्रवासी वोट डालेंगे

# जे&केः गैर कश्मीरियों को वोट का अधिकार





**जम्मू-कश्मीरः** आर्टिकल-370 खत्म होने के बाद नवंबर-दिसंबर में जम्मू कश्मीर में पहली बार चुनाव हो सकते हैं। चुनाव के पहले विवाद की जमीन भी तैयार है। यहां पहली बार गैर कश्मीरियों को वोट का अधिकार देने की तैयारी है। यानी जो लोग कश्मीरी मूल के नहीं हैं, लेकिन यहां रह रहे हैं, वे भी वोट डाल सकेंगे। ऐसे 20 से 25 लाख लोगों को वोटर लिस्ट में जोड़ा जा रहा है। इनमें सबसे ज्यादा सुरक्षाबलों के जवान और प्रवासी मजदूर होंगे। राज्य चुनाव आयोग की इस घोषणा के बाद जम्मू कश्मीर की राजनीति के सारे समीकरण बदल गए हैं। माना जा रहा है कि इसका सबसे बड़ा फायदा बीजेपी को होगा। इस पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि बीजेपी जीत के लिए वोटर इंपोर्ट कर रही है।

**एक झटके में 30% मतदाता बढ़ जाएंगेः** डेटा से साफ है कि जम्मू-कश्मीर में करीब 30% नए वोटर जुड़ने जा रहे हैं। इनमें सबसे बड़ी तादाद सुरक्षाबलों के जवानों की होगी। इसके बाद उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों से जाने वाले प्रवासी मजदूर होंगे। जम्मू-कश्मीर के चीफ इलेक्शन कमिश्नर हृदेश कुमार ने बताया कि आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद बड़ी संख्या में नए वोटर जोड़े जाएंगे। पढ्अ में नियम है कि व्यक्ति जहां भी खुद का वोटर कार्ड बनवाना चाहता है, उसे वहां रहना चाहिए। चुनाव आयोग से जुड़े अधिकारी फैसला करेंगे कि वह जम्मू कश्मीर में रहता है या नहीं।

**35ए हटने की वजह से मिलेगा वोट का अधिकारः** आर्टिकल-35ए के हटने से पहले दूसरे राज्यों से आकर लोग जम्मू-कश्मीर में न तो बस सकते थे, न ही उन्हें संपत्ति खरीदने का अधिकार था। इस आर्टिकल के तहत कश्मीर में रह रहे दूसरे राज्य के नागरिकों को पंचायत और विधानसभा चुनावों में भी वोट डालने का अधिकार नहीं होता था। इसके पहले वे सिर्फ लोकसभा चुनावों में ही वोट डाल सकते थे। 35ए हटने से ऐसे सभी लोग, जो कश्मीर में भले ही अस्थायी रूप से रह रहे हैं, उन्हें वोटिंग लिस्ट में शामिल होने का अधिकार होगा।

**बदलाव से बीजेपी को सबसे ज्यादा फायदा**

चुनाव विश्लेषक कहते हैं कि अगर जम्मू-कश्मीर की वोटर लिस्ट में आप 33% नए वोटर जोड़ दें और इनमें ज्यादातर ऐसे हों जो दूसरे राज्यों से आकर बसे हों, तो इससे राज्य के चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल जाएंगे।

### परिसीमन के बाद जम्मू कश्मीर में 90 सीटें

**जम्मू**-कश्मीर में परिसीमन के बाद 90 सीटें हो गई हैं। इनमें से 7 अनुसूचित जाति के लिए हैं। पहली बार अनुसूचित जनजाति के लिए भी 9 सीटें रिजर्व की गई हैं। चुनाव आयोग के हृदेश कुमार ने बताया कि सभी 90 विधानसभाओं के लिए नए सिरे से वोटर लिस्ट बनाने पर काम हो रहा है। इसके लिए 1 जनवरी 2019 की डेडलाइन रखी गई थी। अब 1 अक्टूबर 2022 तक या उससे पहले जो 18 साल के हो गए हैं, वे वोटर लिस्ट में नाम जुड़वा सकते हैं। कुमार ने बताया कि इस प्रक्रिया से वोटिंग लिस्ट में करीब 25 लाख नए लोग शामिल होंगे। करीब 600 नए पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। अब 11,370 पोलिंग स्टेशन हो गए हैं। हर पोलिंग स्टेशन पर वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट शेयर किया जाएगा। हर जगह वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए कैंप लगाए जाएंगे। यहां नए वोटर जुड़ सकते हैं। करेक्शन भी करवा सकते हैं। आधार नंबर के साथ वोटर लिस्ट को लिंक किया जाएगा। 25 नवंबर को फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

जम्मू रीजन में बीजेपी को सबसे ज्यादा फायदा

वकील फिरदौस टाक कहते हैं कि 'जम्मू, सांबा, ऊधमपुर, कठुआ, रेयासी, किस्तवाड़, डोडा, रामबन जैसे इलाकों में सुरक्षाबलों से जुड़े जवान सबसे ज्यादा पीसफुल पोस्टिंग में हैं। इसलिए फैसले का सबसे ज्यादा असर जम्मू में देखने को मिलेगा।

# कर्नाटक के स्कूल-कॉलेज में राष्ट्रगान अनिवार्य

**बेंगलुरुः** बेंगलुरु के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट क्षेत्र में सेंट जोसेफ बॉयज हाई स्कूल, बिशप कॉटन बॉयज हाई स्कूल और बाल्डविन गर्ल्स हाई स्कूल के खिलाफ राष्ट्रगान नहीं गाने की शिकायत मिली थी। कर्नाटक के स्कूल शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने राज्य के सभी स्कूलों में मॉर्निंग प्रेयर के बाद राष्ट्रगान गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश तब जारी किया गया जब बेंगलुरु के तीन स्कूलों में राष्ट्रगान नहीं होने की शिकायत मिली थी। 17 अगस्त का आदेश सभी गवर्नमेंट, सेमी-गवर्नमेंट, निजी स्कूलों और प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेजों पर लागू होगा।

**जांच करने पहुंची थीं टीमें:** सरकारी आदेश लागू होने के बावजूद बेंगलुरु के 3 स्कूलों में राष्ट्रगान नहीं गाया जा रहा था। इसके बाद बेंगलुरु के सार्वजनिक निर्देश विभाग, नॉर्थ और साउथ डिवीजन के उप निदेशकों ने संबंधित स्कूलों का दौरा किया और पुष्टि की कि वहां सुबह की प्रार्थना में राष्ट्रगान नहीं हो रहा था।

बेंगलुरु नॉर्थ के डीडीपीआई लोहिताश्व रेड्डी ने कहा- पिछले हफ्ते उन स्कूलों को नोटिस जारी किए गए थे, जहां छात्र राष्ट्रगान नहीं गा रहे थे। अब उन्होंने आश्वासन दिया है कि अब वहां नियमित रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा।

**कर्नाटक में नियम- क्लास में करवाएं राष्ट्रगानः** इससे पहले नागेश ने बेंगलुरु के सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट क्षेत्र में सेंट जोसेफ बॉयज हाई स्कूल, बिशप कॉटन बॉयज हाई स्कूल और बाल्डविन गर्ल्स हाई स्कूल के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिया था।

## सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की चार्जशीट तैयार

**चंडीगढ़ः** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की चार्जशीट तैयार हो गई है। पंजाब पुलिस जल्द ही इसे कोर्ट में दाखिल करेगी। इस चार्जशीट में पुलिस ने मास्टरमाइंड और शार्पशूटर्स मिलाकर 15 आरोपियों के नाम दिए हैं। इसके अलावा 40 गवाहों के बयान दर्ज हैं। इसके अलावा कई जगहों की सीसीटीवी फुटेज भी सबूत के तौर पर लगाई गई है। पुलिस की चार्जशीट में मास्टरमाइंड के तौर पर गैंगस्टर लॉरेंस के अलावा जग्गू भगवानपुरिया, मनमोहन मोहना, संदीप केकड़ा।

# बीजेपी का दामन थामेंगे आरसीपी सिंह



**पटनाः** पूर्व केंद्रीय मंत्री और जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह जल्द भाजपा में शामिल होंगे। ये ऐलान खुद आरसीपी सिंह ने किया है। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर नीतीश कुमार पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सात जन्म में भी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं। उन्होंने अपने मंत्री बनने के सवाल पर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार झूठ बोल रहे हैं। नीतीश कुमार की सहमति से ही वह मंत्री बने थे और इसकी पूरी जानकारी वर्तमान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को थी। यह सभी लोग झूठे हैं। बता दें कि आरसीपी सिंह आज नालंदा से गोपालगंज जा रहे हैं। वहां थावे मंदिर में दर्शन करेंगे। रास्ते भर में उनका स्वागत किया गया। जेडीयू में आरसीपी सिंह को लेकर काफी बवाल हुआ था। माना जा रहा है कि बीजेपी और जेडीयू में गठबंधन टूटने के तत्कालीन कारण आरसीपी सिंह ही रहे हैं। गठबंधन टूटने से 2 दिन पहले आरसीपी सिंह को जेडीयू ने शोकॉज नोटिस जारी किया था कि आपने और कुछ संपत्ति बनाई है। उसके बाद मामला बिगड़ता गया और जेडीयू और बीजेपी का गठबंधन टूट गया।

**जेडीयू ने आरसीपी सिंह पर लगाया आरोपः** जेडीयू के तरफ से आरसीपी सिंह पर यह आरोप लगाया गया था कि वह बिना पूछे केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोई सहमति नहीं थी। उसका जवाब देते हुए आरसीपी सिंह ने कहा कि सभी झूठ बोल रहे हैं उन्होंने कभी भी बिना पूछे कोई काम नहीं किया है। बीजेपी ने एक ही मंत्री पद के लिए ऑफर दिया था। और वह नीतीश कुमार से पूछकर ही केंद्र में मंत्री बने थे।

**बिहार की जनता तय करेगी हमें क्या करना है : आरसीपी**

पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने गुरुवार को यह भी कहा कि बिहार की जनता देख रही है कि कौन लोग क्या बोल रहे हैं।

## राजू श्रीवास्तव की हालत फिर गंभीर

**कानपुरः** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की हालत एक बार फिर गंभीर हो गई है। बुधवार की देर रात से उन्हें बार-बार दौरे पड़ रहे हैं। डॉक्टरों ने उनके सिर का सीटी स्कैन कराया तो दिमाग के एक हिस्से में सूजन मिली है। उनके बड़े भाई सीपी श्रीवास्तव ने बताया, "दिमाग में सूजन के चलते पानी मिला है। डॉक्टरों ने हालत चिंताजनक बताई है।" परिवार के लोग और कई रिश्तेदार दिल्ली एम्स पहुंचे हैं। राजू श्रीवास्तव के लिए दवा के साथ अब दुआओं का भी सहारा लिया जा रहा है। कैलाश खरे के सुझाव पर काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र का जाप हो रहा है। गोविंदा के घर पर भी महामृत्युंजय जाप कराया जा रहा है।

**न्यूरोलॉजी विभाग के स्पेशल डॉक्टरों की टीम 24 घंटे रख रही नजरः** राजू के पीआरओ गर्वित नारंग ने बताया कि न्यूरोलॉजी विभाग के स्पेशल डॉक्टरों की टीम 24 घंटे उन की हेल्थ पर नजर रख रही है। न्यूरो डॉ. आंचल श्रीवास्तव के नेतृत्व में उनका इलाज किया जा रहा है। कल शाम को 10 इंजेक्शन बाहर से मंगाए गए थे। उसे लगाने के बाद से राजू की तबीयत बिगड़ी है।

## नूपुर को जिंदा रहने का हक नहीं: आतंकी हबीबुल



**लखनऊः** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े यूपी में सहारनपुर के मोहम्मद नदीम और फतेहपुर के हबीबुल ने देश के 5 राज्यों में नेटवर्क फैला लिया था। 12 दिन की रिमांड के पहले दिन की पूछताछ में आतंकियों के नेटवर्क के क्लू एटीएस को मिले हैं। पूछताछ में एटीएस अफसरों से हबीबुल ने कहा- "देश में गैर इस्लामी लोगों को रहने का कोई अधिकार नहीं। खासकर नूपुर शर्मा जैसे लोगों को।" हबीबुल और नदीम के मंसूबों को जानकर एटीएस चौकन्ना हो गई है। जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी नदीम और उसके साथी हबीबुल के साथ सबाउद्दीन को एटीएस ने बुधवार सुबह 11 बजे रिमांड कस्टडी पर लिया। एटीएस इनसे 10 पॉइंट्स पर पूछताछ कर रही है। सोर्स के मुताबिक, उन्हें अलग-अलग कमरों में रखा गया है। पूछताछ में उन्होंने खुलकर धर्म के खिलाफ बोलने वालों पर फिदायीन हमले के फैक्ट कबूल किए हैं।

**यूपी से गुजरात तक नेटवर्क, 8 साथियों की तलाशः** पूछताछ में सामने आया है कि तीनों आतंकियों का यूपी के साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर तक नेटवर्क है। यहां के लोगों से लगातार टच में हैं। इनमें 8 ऐसे लोग सामने आए हैं, जो लगातार फोन और ऑनलाइन नेटवर्क से इनके संपर्क में थे। इनकी धरपकड़ के लिए यूपी एटीएस अन्य सुरक्षा एजेंसियों की मदद ले रही है।

**साइबर एक्सपर्ट तोड़ेंगे ऑनलाइन नेटवर्कः** एटीएस की साइबर एक्सपर्ट की टीम जैश-ए-मोहम्मद के वढ में फैले नेटवर्क को तोड़ने में जुटी है।

## 1000 करोड़ रुपए में हो रहा तैयार, भगवान कृष्ण विराजेंगे; जन्माष्टमी पर होगा भव्य आयोजन

# बंगाल में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर



**कोलकाताः** दुनिया के सबसे बड़े मंदिर का निर्माण अब अंतिम चरण में है। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में स्थित मायापुर में इस्कॉन मुख्यालय में साल 2009 से मंदिर का काम चल रहा है। 700 एकड़ (28 लाख वर्ग मीटर) में फैला परिसर दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर होगा। अब तक सबसे बड़े मंदिर का तमगा कंबोडिया के अंगकोर वाट के पास है, जो करीब 16 लाख वर्ग मीटर में फैला है। मायापुर में बन रहे मंदिर का उद्घाटन 2023 की होली पर प्रस्तावित था, लेकिन कोरोना के चलते निर्माण में हुई देरी के चलते अब यह 2024 तक संभावित है। मंदिर की विशालता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी नींव 100 फीट की है। यानी जमीन में दस मंजिला इमारत के बराबर।

**एक साथ दस हजार लोग कर सकेंगे भगवान कृष्ण के दर्शनः** मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद एक साथ दस हजार लोग भगवान कृष्ण के दर्शन कर सकेंगे। इस बार 19 अगस्त को जन्माष्टमी यहां धूमधाम से मनाई जाएगी। परिसर में झांकी निकाली जाएगी। एक लाख से ज्यादा भक्त इसमें शामिल होंगे। इस्कॉन के संस्थापक प्रभुपाद जी ने 1971 में मायापुर में तीन एकड़ जमीन खरीदी। 1972 में भूमिपूजन हुआ और 2009 में मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। मंदिर के निर्माण का शुरूआती बजट 600 करोड़ रुपए था, लेकिन कोरोना और इसके बाद बढ़ी लागत से बजट एक हजार करोड़ रुपए पहुंच गया। कार निमार्ता कंपनी फोर्ड के मालिक अल्फ्रेड फोर्ड ने 300 करोड़ रुपए दान किए हैं।

# देशविरोधी कंटेंटः 8 यू-ट्यूब चैनल्स ब्लॉक

**नई दिल्लीः सूचना एवं प्रसारण** मंत्रालय ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में दुष्प्रचार करने के लिए 8 यू-ट्यूब चैनलों को ब्लॉक कर दिया है।

इनमें 7 भारतीय और 1 पाकिस्तानी यूट्यूब न्यूज चैनल शामिल हैं। इन्हें आईटी एक्ट 2021 के तहत ब्लॉक किया गया है। ब्लॉक चैनलों को 114 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया था। इनके 85 लाख 73 हजार यूजर्स हैं। मंत्रालय के अनुसार इन चैनलों पर फेक और भारत विरोधी कंटेंट परोसा जा रहा था।

**ये हैं ब्लॉक चैनलों के नामः** मंत्रालय ने जिन चैनलों को प्रतिबंधित किया है उनमें लोकतंत्र टीवी, यू एंड वी टीवी, एएम रजवी, गौरवशाली पवन मिथिलांचल, सीटॉप 5 , सरकारी अपडेट, सब कुछ देखो, न्यूज की दुनिया (पाकिस्तानी चैनल) शामिल हैं। लोकतंत्र टीवी का फेसबुक पेज भी बैन कर दिया गया है।

**जुलाई में भी बैन किए थे 78 यूट्यूब चैनलः** केंद्र सरकार ने जुलाई में 78 यूट्यूब न्यूज चैनल को ब्लॉक करने का आदेश दिया था। इससे पहले 5 अप्रैल को क्ष मिनिस्ट्री ने 22 यू-ट्यूब चैनल्स को ब्लॉक कर दिया था। इनमें 4 पाकिस्तान बेस्ड यू-ट्यूब न्यूज चैनल थे।

ये सभी नेटवर्क झूठी खबरें फैलाकर भारतीयों को गुमराह करने के मकसद से चलाए जा रहे थे।

**दिसंबर 2021 में हुआ था पाकिस्तानी चैनलों पर एक्शनः** पिछले साल भी पाकिस्तान से ऑपरेट किए जा रहे 20 यूट्यूब चैनल और 2 वेबसाइट पर बैन लगाया गया था।


### खबर संक्षेप

## नौकरी दिलवाने के नाम पर दलित से ढाई लाख रुपये हडपा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक युवक को नौकरी दिलवाने के नाम दो लोगों ने दलित युवक से ढाई लाख रुपये ऐंढ लिए। मांगने पर जान से मारने और जाति सूचक गालियां दी। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर निवासी आशीष कुमार पुत्र बच्चूलाल का आरोप है कि उसका सोरांव के एक नेता से सम्पर्क हुआ। जिन्होंने अपने पहचान और पहुंच का बखान करते हुए नौकरी दिलवाने की बात कही। तथा उसे ढाई लाख रुपये ऐंढ लिया। नौकरी न मिलने पर जब उसने पैसा मांगा तो उसे जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक गालियां दी। कहीं सुनवाई न होने पर डीजीपी के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने शिवपूजन पटेल पुत्र रामकिशुन ग्राम प्रसादपुर सोरांव और साथी बृजेश पटेल पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# यमुना बाढ़ की रफ्तार देख तराई के ग्रामीणों में हलचल

## कई गांवों के मुहाने पर दस्तक दी बाढ़ का पानी, सुजावन देव मंदिर बाढ़ की चपेट में , हजारों बीघे खरीफ की फसल सहित हरी सब्जियों की खेती डूबी

निमार्णाधीन शवदाह गृह डूबी बारादरी में प्रवेश करने को बेताब व सुजावन देव मंदिर यमुना के उफान की चपेट में

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** पिछले सप्ताह से घट रही यमुना नदी के पानी से जहा लोगों ने राहत की सांस ली थी। वहीं तीन दिन पूर्व से फिर से तेज रफ्तार से बढ़ रही यमुना के बाढ़ का पानी गुरुवार के दिन तराई के गांवों के मुहाने पर दस्तक दे दी। जिससे ग्रामीणों में हलचल मच गया है। नालों के रास्ते बाढ़ का पानी बस्तियों तक पहुंचने लगा है। बाढ़ का तेज रफ्तार से ग्रामीणों की नीद उड़ गई है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि यही रफ्तार तीन दिन तक लगातार रहा तो तराई के गांव बाढ़ के चपेट में आ जाएंगे।

**सुजावन देव मंदिर व निमार्णाधीन शवदाह गृह बाढ़ की चपेट में :** तेज रफ्तार बढ़ रही यमुना के बाढ़ का पानी से सुजावन देव मंदिर बाढ़ की चपेट में आ गई है बाढ़ का मंदिर की सतह से 15फिट ऊंची सीढ़िया तक पहुंच गई है। दर्शन दुर्लभ हो गया। वहीं निमार्णाधीन शवदाह गृह को बाढ़ ने पूरी तरह आगोश में ले लिया है। और पास में बने बारादरी में उफान का पानी प्रवेश करने को बेताब है।

**हजारों बीघे फसल जलमग्न :** यमुना के उफान ने एक बार फिर तराई के किसानों को खून के आंसू बहाने पर विवश कर दिया है। तराई के दर्जनों गांवों के हजारों बीघे खरीफ की फसल सहित हरी सब्जियों की खेती यमुना के उफान ने अपने आगोश में ले लिया है। जिससे किसानों की भारी क्षति हुई है।

## न्यूज झरोखा

### राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ धनूपुर में पुष्प वर्षा से पूजन अर्चन



**धनूपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत श्री राज राजेश्वरी शक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रांगण में रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज एवं आश्रम के भक्तों द्वारा राष्ट्रीय झंडे तिरंगा के आकार में पुष्पों एवं पत्तों द्वारा भव्य तरीके से श्रृंगार किया गया एवं पूजन अर्चन तथा ध्वजारोहण करते हुए वीर सपूतों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुजाचार्य महाराज, मदन गोपाल मिश्रा, अंबुज द्विवेदी, चंद्रकांत पांडेय, मनीष पांडेय, सुनील तिवारी, ईश्वर चंद्र शुक्ल, धर्मेंद्र पांडेय, वेद तिवारी शास्त्री, अवधेश तिवारी, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल आदि लोग शामिल रहे।

### पूर्व सांसद ने बसही मार्केट में लगवाई स्ट्रीट लाइट



**करछना।** तहसील क्षेत्र के बसही बाजार में पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमन सिंह अपने सांसद निधि से बसही बाजार में? रमेश की पान की दुकान के पास हाई मास्क स्ट्रीट लाइट लगवा कर व्यवसायियों के मांग को पूरा किया बताया जाता है कि बसही बाजार में अक्सर अंधेरा रहता था व्यवसायियों ने समाज सेवी व प्रधान प्रतिनिधि हिमांशु सिंह के प्रयास से पूर्व सांसद ने स्ट्रीट लाइट लगवा कर व्यवसायियों की मांग को पूरा किया लाइट लग जाने से प्रधान प्रतिनिधि हिमांशु सिंह समेत बाजार वासियों ने पूर्व सांसद को बधाई दी है।

### शंकरगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा मोटरसाइकिल चोर




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी मौहरिया तालाब के पास से की गई है। उक्त जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर के जरिए मिली पुख्ता सूचना के आधार पर उन्होंने क्षेत्र के मौहरिया तालाब के पास डेरा डाल दिया और कुछ ही देर में शातिर चोर सोनू अली उर्फ गुलसेर अली पुत्र मोहम्मद शरीफ (निवासी बसहरा उपरहार, शंकरगढञ) को धर दबोचा। उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल (यूपी70-डीआर-3554) को बरामद किया गया है। एसओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल विपिन चौधरी सिंह, रामजीत यादवभी शामिल थे।

### प्रबंधक की धर्मपत्नी के निधन पर शिक्षकों ने की शोक सभा



**करछना।** उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (वि.वि. गुट) प्रयागराज ने भगवन्ती देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबंधक सन्तलाल सिंह की धर्मपत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। संघ के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू के साथ मे प्रतिनिधि मण्डल ने शोक संतप्त परिवार के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। ग्राम भुसका स्थित आवास पर पहुचकर एक शोक सभा की गई जिसमे ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को सहन शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की गई। प्रतिनिधि मण्डल मे मण्डल अध्यक्ष अभयराज सिंह, बुधराम यादव, सीताशरण सिंह, राजेश यादव, प्रेम चन्द, सी.बी. यादव, श्रीकांत यादव बबलू सहित शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नशामुक्त समाज की स्थापना हेतु छात्राओं नें किया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** नशा समाज के लिए अभिशाप हैं। बहुत ही तीव्र गति से युवा नशे के गिरफ्त में आ रहें हैं जो समाज एवम राष्ट्र के लिए बहुत ही चिंता का विषय बना हुआ हैं। नशा से सामाजिक प्रतिष्ठा, स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति के साथ ही आर्थिक परिस्थिति में काफी असर पड़ता हैं।घरेलू हिंसा, महिलाओ पर उत्पीड़न समेत विभिन्न प्रकार के अपराध एवम समाज में नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न हों रहें हैं। नशा के बढ़ते चलन को समय रहते हुए यदि न रोका गया तो आने वाला समय बहुत कष्टकारी एवम भयावह होगा उक्त बाते जसरा में स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में नशामुक्त समाज की स्थापना एवम संगोष्ठी के दौरान बतौर मुख्य वक्ता विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने छात्राओं के सम्बोधित करते हुए नशा को खत्म करने की अपील किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल नें नशा को राष्ट्र के लिए सुनामी की संज्ञा देते हुए पूरे एकजुटता से इसको समाप्त करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किये। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय को कदम्ब, चितवन, आम, बादाम आदि के पौधे भेंट करने के साथ ही वृक्षारोपण किये।प्रवक्ता गृह विज्ञान रीना यादव, प्रवक्ता हिन्दी गीता पाण्डेय, प्रवक्ता भौतिक विज्ञान शुगफ्ता जमाल गीतांजलि, रेखारानी आदि शिक्षिकाओं नें भी नशा के दुष्परिणामों के विषय में छात्राओं को जागरूक करते हुए आजीवन नशा से दूर रहने की अपील किया। नीता त्रिपाठी, सुनीता मालवीया, फौजिया नसरीन, नीलम गुप्ता, कीर्ति अवस्थी आदि शिक्षिकाओं सहित विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।




# शिक्षा ज्ञान और बोध का विस्तार करती हैं पुस्तकें :मदन मोहन

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** हम सबके जीवन में पुस्तकों की बहुत अहम भूमिका है।यह पुस्तकें सोंचने,समझने,जानने और मानने का केंद्र बिंदु तो हैं ही इसके अलावा भी मानव मन की जिज्ञासा के अनुरूप शिक्षा,ज्ञान, बोध का विस्तार करती हैं।यह बातें आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज के विज्ञान संकाय में लगे पुस्तक मेले के समापन अतिथि प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखधर ने कही। इस दौरान उन्होंने पुस्तक मेले में सजी महापुरुषों बलिदानियों,और क्रांतिकारियों के लोक जीवन से जुड़ी अनेक पुस्तकों का निरीक्षण भी किया। मेले की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह विद्यालयों में पुस्तक मेले आयोजित किया जाना सराहनीय है। इससे विद्यार्थियों की अभिरुचि बढ़ने के साथ-साथ ग्रामीणों को भी कम दाम पर अच्छी पुस्तकें सुलभ हो जाती हैं।प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने विशिष्ट अतिथि केपी जायसवाल के पूर्व प्रधानाचार्य और मुख्य अतिथि को विद्यालय की वार्षिक पत्रिका मंगला भेंट कर महोत्सव के दौरान विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। दो दिवसीय मेले में लोगों ने अध्यात्म सास्कृति,कला ऐतिहासिक और क्रांतिकारियों के जीवन से जुड़ी कई प्रकार की पुस्तकों की खूब खरीदारी की। पुस्तक मेले में विज्ञान,साहित्य,ज्योतिष,वेद पुराण,अध्यात्म,किस्से कहानिां, कविता उपन्यास, जैसी हर प्रकार जानकारी पूर्ण पुस्तकें उपलब्ध रहीं। एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने मेले में आए हुए सभी अतिथियों और गर्ग एंण्ड संन्स का स्वागतआभार व्यक्त किया।इस मौके पर जितेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार,सुरेश कुमार,जगत पाल,मो0 परवेज,मालती शर्मा,विजय सिंह,सुधा सिंह,चंद्रशेख? सिंह,विश्वेष ओझा,कमलाशंकर त्रिपाठी,मोहिनी श्रीवास्तव,जितेंद्र मिश्र,अशोक सिंह,राजकुमार सुनील प्रजापति,विमला देवी,सहित विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी,बच्चे और ग्रामीण मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर के साथ जल, थल और नभ भी हुआ तिरंगामय : डॉ राकेश धर त्रिपाठी



**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सरस्वती इंटरमीडिएट कालेज सरायममरेज में विद्यालय के प्रबंधक वरिष्ठ अधिवक्ता केशरी चंद्र द्विवेदी द्वारा तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ राकेश धर त्रिपाठी ने भारत माता एवं सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर नए भारत की उपलब्धियां, दुनिया को बतलाना है, विजयी विश्व तिरंगा लेकर, भारत को विश्व गुरु बनाना है। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य निवासियों के अभूतपूर्व उत्साह एवं स्नेह वर्षा से मेरा रोम-रोम पुलकित हो उठा आप सभी का आत्मीय आभार है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर के साथ जल, थल और नभ भी हुआ तिरंगामय हो गया ऐसा दृश्य पहली बार देखने को मिला। डॉ त्रिपाठी द्वारा विद्यालय परिवार, क्षेत्रवासियों एवं सैकड़ों छात्रों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर मां भारती के वीर सपूतों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय एवं विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार त्रिपाठी पूर्व ब्लाक प्रमुख सैदाबाद, बिंदू सिंह, डॉ इमाम, राजकुमार पटेल पूर्व प्रधान, संतोष पांडेय, चंचल शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मऊआइमा प्रेस क्लब ने 75 वां स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को किया याद



**मऊआइमा।** मऊआइमा में विगत 15अगस्त को मऊआइमा प्रेस क्लब की एक बैठक सांगी महल में स्वतंत्र दिवस पर शहीदों को याद करते हुए.। नमः आंखों से श्रद्धांजली दी। और सभी पत्रकारों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किए। तथा तिरंगा फहराए। इस अवसर पर डाक्टर नदीम इंतेखाब ,सईद अंसारी ,साजिद खान ,उबैद उल्ला ,रूहुल फैयाज ,हसीन मुस्ताक ,अशोक कुमार कौशल ,शंकरलाल गुप्ता ,गुड्डू मौर्या., अलीम उद्दीन ,जैनुल अब्दीन ,जीतेंद्र कुमार ,राकेश मौर्या ,अमर सिंह आदि मऊआइमा क्षेत्र के समस्त पत्रकार मौजूद थे।

## जश्न में डूबे नगर वासियों ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**रत्योरा।** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व के अवसर पर नगर पंचायत कोरांव के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में पूरे नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल रहे नगर वासियों ने डीजे बैंड बाजे की धुन पर थिरकते हुए खूब आजादी का जश्न मनाया और आजादी की लड़ाई में शहीद हुए अमर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। स दौरान पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश केसरी ने संपूर्ण नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की बधाई भी दी। यात्रा में प्रमुख रूप से राकेश प्रताप सिंह, कैशलेश तिवारी, हरि शंकर मिश्र, सुरेश सिंह समेत भारी संख्या में नगर के युवा व्यापारी मौजूद रहे।

## टीकर मर्यादपुर में एलटी तार टूटकर गिरने से भैंस की हुई मौत

**रत्योरा।** कोरांव क्षेत्र के टीकर मर्यादपुर में बिजली का एलटी तार टूटकर गिरने से खूंटे में बंधी भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद स्वामी के परिवार में कोहराम मच गया। कोरांवक्षेत्र में आए दिन बिजली के लटकते जर्जर तार की वजह से घटनाएं घटती रहते हैं किंतु जिम्मेदार मौन बना है ।जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत टीकर मजरा मर्यादपुर निवासी फूलचंद गुप्ता पुत्र श्यामलाल गुप्ता की भैंस खूंटे में बंधी हुई थी। अचानक ऊपर से गुजरा जर्जर हो चुका बिजली का एलटी तार टूटकर भैंस के ऊपर गिर गया। जिससे मौके पर ही भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। इस बाबत भैंस स्वामी फूलचंद गुप्ता समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जर्जर तार को बदलने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों से लिखित शिकायत की है।

## स्कूलों में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**झूंसी।** क्षेत्र के स्कूलों में गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी उल्लास के साथ मनाई गई। जगह-जगह पालने सजाए गए। जिसके बाद बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। सरायइनायत अबूसा स्थित महावीर पब्लिक स्कूल में नर्सरी एलकेजी के छात्र छात्राओं ने रंग बिरंगी पोशाकें पहनकर भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं द्वारा अभिनय मंचन कर श्री कृष्ण अवतार वासुदेव यशोदा बलभद्र आदि की भूमिकाओं का सफल प्रदर्शन कर उपस्थित छात्र शिक्षकों को भक्ति भाव विभोर कर दिया मुख्य रूप में आर्य सिंह चौहान मान्य, नैतिक साहू , प्रिया ,अन्वी जयसवाल आदि ने भाग लिया भगवान श्री कृष्ण ने मनोहारी रूप में प्रियांशु सिंह यूकेजी को सभी ने सराहा एवं वंदना की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका दीपांजलि सारंग एवं रश्मि का योगदान रहा। वही धनैचा- मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल के नन्हे- मुन्ने बच्चे बाल गोपाल की वेशभूषा धारण कर जब स्टेज पर आये तो वह अत्यंत मनोहारी दृश्य था ' शिक्षकों तथा संस्था के चेयरमैन ने इन बच्चों की आरती उतारी और पालने में झूला झुलाया ' इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन प्रो. जेपीएन मिश्रा ने बच्चो को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की जानकारी दें। विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

## श्रीकृष्ण मय हुआ जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल




**करछना।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से पूर्व ही कृष्ण मय हो गया जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर। कक्षा नर्सरी से 8 तक के छात्रों ने प्रांगण को कृष्ण भक्ति में सराबोर कर दिया। श्री कृष्ण के जन्म से लेकर महाभारत तक के अनेक रूपों की झाँकियाँ बच्चों ने निकाली। जिसमें सबसे मनमोहक झाँकी श्रीकृष्ण जन्म के बाद बासुदेव द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को यमुना नदी पार कराते समय की रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे मुख्य अतिथि वुमेंस वेलफेयर एसोसियसन की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम पाण्डेय ने दीप जला कर किया। तदोपरांत श्रीकृष्ण के अनेक रूपों की झाँकियां निकाली गई। सभी झांकियों की सज्जा का कार्य विद्यालय की आर्ट एवं क्राफ्ट शिक्षिका सपना शुक्ला द्वारा किया गया। कृष्ण एवं राधा के रूपों का श्रृंगार विद्यालय की शिक्षिका आलमीन,अपर्णा,कोमल, सारिका,अनुप्रिया,पिंकी, रितिका, सुनीता दुबे,प्रियंका श्रीवास्तव द्वारा किया गया।सभी झांकियों की प्रशंसा प्राचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा,शिक्षक एवं शिक्षिका व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा की गई। समापन श्रीमती कुसुम पाण्डेय व डॉ के के शुक्ला द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को आरती दिखा कर किया गया।

## कोरांव में मनाई गई स्व इंस्पेक्टर अजय सिंह की पुण्यतिथि



**रत्योरा।** स्वर्गीय स्पेक्टर अजय सिंह की पुण्यतिथि नगर पंचायत कोरांव के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश केसरी के आवास पर मनाई गयी। पुण्यतिथि समारोह को संबोधित कर चेयरमैन प्रतिनिधि रहे ओम प्रकाश केशरी ने कहा कि स्वर्गीय इंस्पेक्टर अजय सिंह बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे वे अपने कार्यशैली के लिए विभाग में एक अपनी अलग छाप व पहचान बनाई थी। उनके नाम से ही अपराधी गुंडे माफिया जिस थाने में भी वे तैनात रहते थे क्षेत्र छोड़कर फरारी काटने लगे थे। इसी प्रकार समाजसेवी राकेश सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि इंस्पेक्टर स्व अजय सिंह की कार्यशैली बिल्कुल अलग थी, अपराधी गुंडे माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस विभाग में तेजतर्रार अफसरों में गिने जाते थे। उन्होंने कोरांव में भी अपना योगदान दिया। जितने दिन तक उन्होंने कोरांव में काम किया लोगों में डर व हुए नहीं रहता था हर पीड़ित व्यक्ति अपनी फरियाद बेझिझक करता था। पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रमुख रुप से, मुन्ना सिंह, राज बहादुर सिंह, हरिशंकर मिश्रा, अजय सिंह, शंकरलाल केसरी, प्रकाश सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीएचसी कोरांव : खून जांच के नाम पर गरीबों का शोषण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रत्येक रोगी से 30 से 50 रुपए तक की जांच के नाम पर की जा रही वसूली**

**रत्योरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। मनमानी वसूली का केंद्र बन चुके सीएचसी कोरांव में दवाओं का भी टोटा देखा जा रहा है। खून जांच के नाम पर गरीबों का सीधे तौर पर खून चूसा जा रहा है। सीएचसी आने वाले हर गरीब रोगी से 30 से 50 रुपए तक की खून जांच के नाम पर वसूली की जा रही है। पैसे ना देने वाले रोगियों की जांच भी नहीं की जा रही है। ऐसे में क्षेत्रीय मरीजों में आक्रोश देखा जा रहा है। जांच केंद्र कक्ष में पहुंचने पर सीधे खून जांच सहायक व जांचकर्ता के द्वारा मलेरिया की जांच हेतु 30 रुपए मलेरिया टाइफाइड दोनों जाचे हैं तो 50 रुपए प्रत्येक रोगी से देने की बात बोली जा रही है। बगैर पैसा के जांच भी नहीं की जा रही है। जांच के नाम पर लिए जा रहे पैसे के बारे में जब मरीज पूछते हैं कि जांच का पैसा यहां तो नहीं लगता तो जांचकताओं के द्वारा यह बताया जाता है कि मलेरिया की जांच निशुल्क होती है, मलेरिया टाइफाइड की जांच के लिए 50 रुपए लिया जाता है। बृहस्पतिवार को बुखार से पीड़ित मरीज सीमा, प्रियंका और रेखा ने मेडिकल ऑफिसर को दिखाया तो उन्हें खून जांच के लिए सीधे लिख दिया गया। जब तीनों मरीज एक साथ जांच कक्ष में पहुंचे तो 50 50 रुपए जांच के नाम पर ले लिए गए।

### सरकारी अस्पताल में मलेरिया टाइफाइड की दवाएं न होने से मरीजों की फजीहत फजीहत

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में अगर मरीज को खून जांच में मलेरिया टाइफाइड निकल आया तो समझो उस मरीज के सीधे 500 रुपए चले गये। सीएचसी कोरांव में बैठे मेडिकल ऑफिसर 500 से अधिक की दवाएं बाहर मेडिकल स्टोर से खरीदने के लिए लिख दे रहे हैं। मेडिकल स्टोर संचालकों से सेटिंग कर सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर अच्छा मुनाफा भी कमा रहे हैं। सीएचसी कोरांव में बाहर की दवाएं लिखा जाना कोई नई बात नहीं है। एक लंबे समय से यह व्यवस्था चली आ रही है। अधीक्षक कोई भी बने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर कोई बदलाव नहीं दिखते हैं। पूर्व की भांति व्यवस्थाएं चलती रहती हैं। सीएचसी में उपचार कराने आ रहे अधिकांश मरीजों को बाहर से दवाएं लिखी जा रही हैं। खून जांच के नाम पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच कताओं के द्वारा लिए जा रहे पैसे के बाबत जब अधीक्षक डॉ सुरेश सोनकर से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर पैसा लिया जाना बिल्कुल गलत बात है अगर जांचकताओं के द्वारा पैसे लिए जा रहे हैं तो निश्चित तौर पर इसकी जांच कराकर कार्रवाई कराऊंगा।

## खबर संक्षेप



### आनंद गिरि की जमानत अर्जी की सुनवाई जारी, अब 22अगस्त को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की खुदकुशी मामले में आरोपी शिष्य आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर सी बी आई की तरफ से बहस जारी है।अगली सुनवाई 22अगस्त को होगी। जमानत अर्जी की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह कर रहे हैं।सीबीआई के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश ने कोर्ट को बताया कि चार्जशीट दाखिल हो गई है। कोर्ट ने उस पर संज्ञान ले लिया है। याची पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप है। समय की कमी के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। 22 अगस्त को सुनवाई जारी रहेगी।

# कटरा में तमंचे के बल पर 6 लाख की लूट सरेशाम हुई घटना से मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश




लूट की घटना के बाद घटनास्थल पर पुलिस तहकीकात व पूछताछ करती।

**प्रयागराज।** कटरा में मनमोहन पार्क चौराहे के पास सरिया की दो थोक दुकानों से सरेशाम 6.05 लाख रुपये लूट लिए गए। बाइकसवार तीन बदमाश वारदात को अंजाम देकर आसानी से निकल भागे। एसएसपी समेत तमाम अफसर मौके पर जांच पड़ताल में जुटे रहे। देर रात तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल सका था।मनमोहन पार्क चौराहे से म्योहाल जाने वाले रास्ते पर लोहा व्यापारी आरपी गुप्ता अपने परिवार संग रहते हैं। घर के ठीक सामने सड़क के दूसरी ओर चौधराना ट्रेडिंग कंपनी के नाम से उनकी सरिया की थोक दुकान है। ठीक बगल में उनके भाई ललित मोहन गुप्ता निवासी अशोक नगर की लक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से सरिया की थोक दुकान है।आरपी गुप्ता की दुकान पर उनका बेटा अंशू व पौत्र मनी बैठते हैं। जबकि ललित मोहन की दुकान पर उनका बेटा अभिनव बैठता है। बुधवार शाम को भी तीनों अपनी-अपनी दुकान पर बैठे थे। शाम 7.30 बजे के करीब असलहाधारी तीन बदमाश पहले ललित मोहन की दुकान पर पहुंचे। तीनों सीधे भीतर चले गए और अभिनव को असलहा दिखाकर काउंटर में रखे पांच हजार रुपये लूट लिए। इसके बाद दो बदमाश पैदल ही बगल में स्थित आरपी गुप्ता की दुकान पर पहुंचे और सीधे ऑफिस में घुस गए। जबकि उनका एक साथी बाइक के पास ही खड़ा हो गया। उधर ऑफिस में एक बदमाश असलहा लेकर गेट के पास ही खड़ा रहा। जबकि उसके साथी ने व्यापारी के पौत्र मनी के सिर पर असलहा सटा दिया और गोली मारने की धमकी देकर नकदी निकालने को कहा। दहशत के चलते मनी ने काउंटर में रखी नकदी निकालकर मेज पर रखी। जिसे लेकर बदमाश अपने दोस्तों संग फरार हो गया। सूचना पर एसएसपी, एसपी सिटी समेत तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए। पुलिस देर रात तक मामले की जांच पड़ताल में जुटी रही। जांच पड़ताल की जा रही है। घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस टीमों को खुलासे के लिए लगाया गया है।


**– शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी।**

## बदरा सोनवटी गांव के बाहर पंहुचा बाढ़ का पानी

अखंड भारत संदेश


**झूंसी।** गंगा जमुना का पानी अब तटवर्ती इलाकों में कहर बरसाना शुरू कर दिया है। तटवर्ती इलाकों में सब्जी की सैकड़ो बिघे फसल जलमग्न हो गई। जिसकी वजह से तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के साथ किसानों की नींद उड़ गई है। लोग अपने समान बाधने लगे है।

तेजी से बढ़ रहा गंगा का पानी झूंसी के बदार सोनवटी, लीलापुर कला गांव के बाहर पहुच गया है। तराई क्षेत्र में अब तक परवल, नेनुआ, करेला की सैकड़ों बीघा फसल जलमंग हो गई है। स्थानीय लोगो की माने तो जिस रफ़्तार से पानी बढ़ रहा है आज हेतापट्टी मार्ग पर पानी आ जायेगा। बाढ़ की विभीषिका देख तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की नीद उडी हुई है लोग अपना डेरा समेटने लगे है। वही कुछ लोगो के लिए बाढ़ पिकनिक स्पॉट बना है सुबह शाम महिला, बच्चे सभी बाढ़ का नजारा लेने पहुच रहे है।



# महाधिवक्ता कार्यालय में आग से जले फाइलों के पुनर्निर्माण को करीब दो करोड़ रुपये का बजट जारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रदेश के प्रयागराज में स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में 17 जुलाई 2022 को लगी आग से नष्ट हुई सरकारी फाइलों के पुनर्निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 1 करोड़ 98 लाख 30 हजार का बजट स्वीकृत कर दिया है। सरकार द्वारा स्वीकृत बजट शासकीय अधिवक्ता के पक्ष में जारी भी कर दिया गया है। इस आशय का हलफनामा आज प्रमुख सचिव विधि की तरफ से अपर विधि परामर्शी राधे मोहन श्रीवास्तव ने दाखिल किया।हलफनामा दाखिल कर कोर्ट को बताया गया है कि चार फोटो कॉपी मशीन नष्ट फाइलों को बनाने के लिए महाधिवक्ता कार्यालय में लगा दी गई है जो अब काम करने लगी है। यही नहीं सरकार की तरफ से शासकीय अधिवक्ता ने बताया की जले हुए रिकॉर्ड को बनाने में वकीलों के ऊपर सरकार कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डालेगी। नष्ट हुई फाइलों को बनाने का खर्च सरकार स्वयं वहन करेगी।बताया गया कि सरकार इस मामले पर गंभीर है। प्रमुख सचिव ला स्वयं कोर्ट के निर्णय को पूरा करने के लिए सतत वह निरंतर कार्य कर रहे हैं। कहा गया कि कितनी फाइलें जली है और वह कौन. कौन सी फाइले हैए इसकी सूचना वकीलों को भी सार्वजनिक नोटिस एवं बार एसोसिएशन के मार्फत दी जाएगी ताकि उनके सहयोग से नष्ट हुई फाइलों का पुनर्निर्माण शीघ्र कराया जा सके।विक्रम सिंह की आपराधिक अपील पर सुनवाई करते हुए उक्त आदेश जस्टिस संजय कुमार सिंह ने पारित किया। न्यायाधीश ने प्रमुख सचिव लाए प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की तरफ से अपर विधि परामर्शी राधे मोहन श्रीवास्तव द्वारा दाखिल हलफनामे पर संतोष जताते हुए दोनों अधिकारियों के कार्यों की सराहना भी की है। हाईकोर्ट ने इलाहाबाद के मंडलायुक्त व जिलाधिकारी को भी सरकार के इस काम में पूरा सहयोग देने का निर्देश दिया है। मालूम हो की महाधिवक्ता कार्यालय में 17 जुलाई 2022 को आग लग गई थी। इस अग्निकांड में नौ मंजिल के इस बिल्डिंग में छठे तल से लेकर नवें तल तक रखी सभी सरकारी फाइलें जलकर नष्ट हो गई हैं। महाधिवक्ता के निर्देश पर अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी, अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल, मुख्य स्थाई अधिवक्ता व शासकीय अधिवक्ता कि 4 सदस्यीय कमेटी ने जांच कर शासन को रिपोर्ट भेजी थी तथा अपने सुझाव के साथ फाइलों के पुनर्निर्माण के लिए धन आवंटित करने का अनुरोध किया था। सरकार द्वारा सुझाव को मानते हुए प्रमुख सचिव विधि की कोशिश के बाद फाइलों के पुनर्निर्माण के लिए बजट स्वीकृत किया गया है।

## जमीनी विवाद को लेकर मार पीट आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के गमरहटा गांव में जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।जिस में कई घायल हुए है।पुलिस ने आधा दर्जन नामजद दस अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गमरहटा निवासी कमलेश कुमार पुत्र मानिक चन्द्र का आरोप है कि उसके विपक्षी उसकी भूमिधरी जमीन पर कब्जा करना चाहते थे जब विफल रहे तो आधी रात को घर में घुस कर उसे और उसके भाई रंजीत, बहन रीता, माता मोहर कली को मारे पीटे । कमलेश कुमार का आरोप है कि उसके सिर में सरिया से मार कर घायल कर दिए। जान से मारने की धमकी भी दिए। कमलेश कुमार ने मऊआइमा थाने में राकेश ,सुरेश, रमेश,जयप्रकाश, अलोक, वीरेंद्र तथा दस अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।

## अधिवक्ता पर लूट पाट मार पीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** आठ अगस्त को अधिवक्ता को मार पीट और लूटपाट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया बादल उर्फ गेंदा निवासी राजा त्रिपाठी पेशे से अधिवक्ता और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार हैं। विगत 8 अगस्त को शाम के समय जब वह स्कूटी से घर जा रहे थे तभी पहले से घात लगाकर बैठे बदमाशों ने ग्राम जोगीपुर के निकट राजा त्रिपाठी की स्कूटी रोक कर मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए कैमरा तोड दिए । तथा 2650 रुपए लूट लिए। तथा पहचान पत्र आदि लूट लिए थे। आला अधिकारियों का दबाव बनने के बाद अब मऊआइमा पुलिस ने पिंटू यादव उर्फ सुनील ,सुरेश कुमार यादव और चार अज्ञातों के खिलाफ लूट मार पीट जान से मारने की धमकी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खरवार गैंग के आठ आरोपियों की डीएनए जांच रिपोर्ट निगेटिव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिले को दहला देने वाले दो सामूहिक हत्याकांडों के खुलासे को लेकर बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गोहरी व खेवराजपुर में दो परिवारों की नृशंस हत्या में जेल भेजे गए कुख्यात खरवार गैंग के आठ आरोपियों के डीएनए सैंपल जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। इससे पुलिस का खुलासा भी सवालों के घेरे में है। फाफामऊ के गोहरी में पिछले साल 24 नवंबर की रात एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इस साल 26 अप्रैल को थरवई के खेवराजपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। सात मई को पुलिस ने बिहार के कुख्यात खरवार गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर दोनों मामलों के खुलासे का दावा किया। कुल 13 थे शामिल, नौ गिरफ्तार व चार फरार इनमें से तीन को मुठभेड़ में गोली भी लगी और उनकी निशानदेही पर चार अन्य को गिरफ्तार किया गया। बाद में दो अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया। इस तरह दोनों हत्याकांडों में कुल नौ लोग जेल भेजे गए। पुलिस ने दावा किया कि दोनों हत्याकांडों में गिरोह के कुल 13 सदस्य शामिल थे, जिनमें से चार अभी फरार हैं। जेल में बंद सदस्यों में एक महिला खुलासे के दौरान ही अफसरों ने यह भी बताया कि हत्या के बाद गोहरी व खेवराजपुर में मृत तीन महिलाओं से दुष्कर्म भी किया गया। जेल भेजे गए कुल नौ आरोपियों में से एक महिला है। ऐसे में उसे छोड़कर अन्य आठ के डीएनए सैंपल जांच के लिए एफएसएल भेजे गए। दरअसल मृतक महिलाओं के वैजाइनल स्वैब स्लाइड की जांच में स्पर्म मिलने पर यह बात सामने आई थी कि उनके साथ दुष्कर्म हुआ। ऐसे में आरोपियों के डीएनए सैंपल को मिलान के लिए एफएसएल भेजा गया। चौंकाने वाली बात यह है कि सभी आठों आरोपियों के डीएएन सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव हुई है। यानी उनका मिलान मृतक महिलाओं के वैजाइनल स्वैब में मिले स्पर्म के डीएनए सैंपल से नहीं हुआ है ।डीएनए सैंपल जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद पुलिस के खुलासे पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि आठ में से एक के भी डीएनए सैंपल का मिलान नहीं होने से एक सवाल यह भी है कि हत्या के बाद महिलाओं से दुष्कर्म करने वाले आखिर कौन थे। यह बात जानकारी में आई है कि जेल में बंद आरोपियों के डीएनए सैंपल की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। लेकिन अभी इस मामले में एक महिला समेत चार आरोपी फरार हैं। बहुत संभव है कि महिलाओं से दुष्कर्म करने वाले गैंग के वही पुरुष सदस्य हों, जो फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। पकड़े जाने के बाद उनका भी डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा।

**– अभिषेक अग्रवाल, एसपी गंगापार।**

**पुलिस के खुलासे पर उठे सवाल**



## इलाहाबाद हाईकोर्ट एपीएस भर्ती परीक्षा का रिजल्ट हुआ जारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिव्यू ऑफिसर (आर ओ) और एडिशनल प्राइवेट सेक्रेटरी एपीएस पदों पर भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। जो उम्मीदवार इस भर्ती परीक्षा में शामिल हुए थे वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर इन स्टेप्स के माध्यम से अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। एडिशनल प्राइवेट सेक्रेटरी (इंग्लिश) के पदों पर परीक्षा 22 दिसंबर 2021 को हुई थी। एडिशनल प्राइवेट सेक्रेटरी (हिंदी) के पदों पर परीक्षा 23 दिसंबर 2021 को हुई थी। रिव्यू ऑफिसर (हिंदी) के पदों पर परीक्षा का आयोजन 6 जनवरी 2022 को हुई थी। रिव्यू ऑफिसर (उर्दू) के पदों पर परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी 2022 को हुई थी।

# अपर मुख्य सचिव कृषि, ने अधिकारियों के साथ की मण्डलीय समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** अपर मुख्य सचिव (कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि अनुसंधान), उ0प्र0 शासन देवेश चतुर्वेदी द्वारा गुरूवार को सर्किट हाऊस के सभागार में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ मण्डलीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में क्षेत्राच्छादन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ई-केवाईसी एवं भूलेख सत्यापन, सोलर पम्प स्थापना एवं सत्यापन, खेत तालाब योजना, कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं वितरण, डी0बी0टी0, विभिन्न योजनाओं में आवंटित बजट के सापेक्ष व्यय की समीक्षा करते हुये निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की ससमय शत्-प्रतिशत् पूर्ति करने के निर्देश दिये गये। साथ ही खरीफ फसलों के आच्छादन के कुल लक्ष्य 568.670 (हजार हे0 में) के सापेक्ष कुल आच्छादन पूर्ति 545.103 (हजार हे0 में) 95.86 प्रतिशत ही पाये जाने के कारण खरीफ आच्छादन के अवशेष लक्ष्यों की शत्-प्रतिशत् पूर्ति अन्य सामयिक फसलों से कराने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत मण्डल में अवशेष ई-केवाईसी एवं भूलेख सत्यापन को शत्-प्रतिशत शीघ्राति शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में डॉ0 आर0के0 मौर्य, संयुक्त कृषि निदेशक, प्रयागराज मण्डल, विनोद कुमार, उप कृषि निदेशक (भूमि संरक्षण), प्रयागराज मण्डल, श्री गोपाल दास, उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा), प्रयागराज मण्डल सहित मण्डल के समस्त जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क चौड़ीकरण में बाधक शाही मस्जिद सैदाबाद को हटाने के खिलाफ याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज हंडिया राजमार्ग की सरकारी जमीन पर स्थित शाही मस्जिद सैदाबाद फोर लेन सड़क चौड़ीकरण में बाधक होने से हटाने के मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया है। आजादी के पहले से मस्जिद होने की रिपोर्ट को डाटा बेस न होकर बयान आधारित होने के कारण स्वीकार करने से मना कर दिया और याचिका खारिज करते हुए याची को सिविल अदालत में अपना दावा दाखिल करने की छूट दी है और सिविल कोर्ट को स्वतंत्र रूप से विचार कर निर्णय लेने का आदेश दिया है।आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल तथा न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने इंतजामिया कमेटी शाही मस्जिद की याचिका पर दिया है। बताते हैं कि सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग के द्वारा प्रयागराज से हंडिया तक के मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। शाही मस्जिद सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग की भूमि पर बनी हुई है। जो अवैध है। कोर्ट के इस आदेश से राजमार्ग चौड़ीकरण का रास्ता साफ हो गया है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई गई पुण्य तिथि

**सहसों।** देश के महान सेनानायक आजाद हिन्द फौज की स्थापना करने वाले धरती के लाल वीर सपूत सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि नवयुवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में केन्द्रीय कार्यालय गारापुर में गुरुवार को एक गोष्ठी के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए नवयुवक ब्राहमण समाज के संस्थापक/अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश में पहली बार आजाद हिन्द फौज की स्थापना किया। नेताजी नौसेना की मदद से जापान पहुंचे और वहां पहुंचकर उन्?होंने टोकियो रेडियो से भारतवासियों को संबोधित किया। अक्?टूबर 1943 को उन्होंने आजाद हिन्?द सरकार की स्?थापना अंडमान और निकोबार में किए, जहां इसका 'शहीद और स्?वराज' नाम रखा गया। सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिन्?द फौज अराकान पहुंची और इम्फाल के पास जंग छिड़ी और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए फौज ने कोहिमा (इम्फाल) को अपने कब्?जे में ले लिया। उन्होंने कहा नेताजी के निधन के बारे में आज भी रहस्य बना हुआ है। नेताजी की मृत्यु 1945 में दूसरे विश्?वयुद्ध में जापान ने परमाणु हमले के बाद हथियार डालने के कुछ दिनों बाद 18 अगस्त को हवाई दुर्घटना में मारे जाने की खबर आई। नेताजी की मौत की सूचना मिलते ही पूरा देश स्तब्ध रह कर गमगीन हो गया। सुभाष चंद्र बोस देश की आजादी के लिए फिरंगी से डटकर मुकाबला किया और वह सेनानायक के साथ-साथ भारतीय राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में महारथ भी हासिल किए इसीलिए उन्हें यह देश नेताजी के नाम से भी संबोधित करने लगा। उन्होंने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, प्रमोद शुक्ला, पंकज शुक्ला, विनय पांडे, शेषमणि तिवारी, पंकज मिश्रा, पवन कुमार शुक्ला, शारदा प्रसाद शुक्ला, अशोक कुमार मिश्रा, चिंतामणि शुक्ला, विनय कुमार तिवारी, अशोक कुमार पांडे सहित आदि लोग उपस्थित होकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2035208 अनवारुल हक सिद्दीकी गर्ल्स इंटर कॉलेज सराय अकिल का प्रमाणपत्र घर में आग लग जाने के कारण जल गया है इंटरनेट की कॉपी उपलब्ध है जिसकी मूल प्रति उपलब्ध नहीं है प्रमाणपत्र की मूल प्रति की आवश्यकता है।

**प्रार्थिनी**
**कैहकशा फातमा पुत्री गुलशाद**
**अहमद निवासी बरई बंधवा,**
**गुवारा तैयबपुर, मंझनपुर कौशाम्बी**
**मोबाइल नंबर-8953985974**



## गुमशुदा की तलाश

विक्रम राव भास्कर छात्र ग्राम तिवारीपुर कोरांव प्रयागराज प्रतिदिन की भांति आज भी योगा करने के लिए परेड ग्राउंड प्रयागराज में गया लेकिन वापस नहीं आया है।

1-योगा स्थल-
परेड ग्राउंड प्रयागराज उ. प्र.
2-प्रतिदिन जाने का समय
3 बजे भोर
3- दिनांक 17-08-2022
4- आज जाने का
समय 3:23 पर गया है
5- निवासी- ग्राम तिवारीपुर कोरांव प्रयागराज उ प्र

गुमशुदा का नाम
विक्रम राव भास्कर, उम्र-21 वर्ष
लंबाई- 5 फिट 4 इंच
रंग- सावला
कपड़ा- बैगनी कलर लोवर, टीशर्ट
अगर किसी को कुछ पता चले तो संपर्क करने का कष्ट करें

**संपर्क सूत्र- 8005441921**
**7052785068**



## बैडमिंटन प्रतियोगिता में सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो के छात्रों ने बिखेरा जलवा

**रत्योरा।** कोरांव क्षेत्र के राम चरण इंटर कॉलेज कैथवल लेडियारी में क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव प्रयागराज के जाबाज छात्रों ने दबदबा कायम रखते हुए अपना लोहा मनवाया जिसमें सीनियर बालक वर्ग डबल्स प्रतियोगिता में बुद्ध सेन व ऋषभ सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका जूनियर वर्ग की सिंगल प्रतियोगिता में सरदार पटेल इंटर कॉलेज के कक्षा 9 छात्रा सौम्या केसरी ने प्रथम स्थान व डबल्स प्रतियोगिता में सौम्या केसरी व सुमन पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक जूनियर वर्ग की डबल्स प्रतियोगिता में धीरज कुमार व हिमांशु सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा सिंगल प्रतियोगिता में शुभांशु तिवारी ने भी दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का मान बढ़ाने वाले छात्रों को विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी।

# विजई विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा के गीतों से गूंज उठा गढ़वा का ग्राम सचिवालय

अखंड भारत संदेश




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासी

**सैदाबाद।** ग्राम सचिवालय गढ़वा में हर्षोल्लास के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें विजई विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा के गीत गाते हुए बच्चे हाथ में तिरंगा लिए चल रहे थे बीच-बीच में भारत माता की जय एवं वंदे मातरम का नारा भी लगाया गया ग्राम सचिवालय में ग्राम प्रधान गढ़वा रीता त्रिपाठी ने ध्वजारोहण करने के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान किया गया आजादी के अमृत महोत्सव को पूरे उमंग तरंग उत्साह जोश खरोश और मनोयोग से ग्राम पंचायत गढ़वा में के परिसर में मनाया गया । ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अश्वनी त्रिपाठी ने कहा पुरुषों एवं वीर सपूतों के त्याग तपस्या संघर्ष और समर्पण पर उनसे मिली देश की आजादी के बारे में विस्तार से बताया विद्यालय के बच्चों द्वारा भी भाषण एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका महेरुबा अमीन शुशीम मिश्रा संतोष पाण्डेय राजेश पांडेय रामबाबू पांडे महेश तिवारी विनोद तिवारी लालजीपाल गजाधर पाल श्रीपाल राजेंद्र कुमार अजय शर्मा कमलेश पटेल अजय तिवारी ग्राम पंचायत अधिकारी कौशलेश पांडे पंचायत सहायक आयुषी त्रिपाठी आदि भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सरकारी और निजी स्कूलों में पिछड़े वर्ग के छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**प्रयागराज।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी इन्द्रसेन सरोज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग मंत्रालय ने प्रधानमंत्री यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप योजना की शुरूवात की है। सार्वजनिक व निजी विद्यालयों के कक्षा 09-10 एवं 11-12 के ओबीसी, ईबीसी एवं अन्य श्रेणी के छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्हे यशस्वी प्रवेश परीक्षा देनी होगी। परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी। आवेदन करने की वेबसाइट है जिसकी अंतिम तिथि 26 अगस्त, 2022 निर्धारित की गयी है। आवेदक ओबीसी, ईबीसी एवं अन्य श्रेणी के होने चाहिए उत्कृष्ट स्कूलों में पढे.होने चाहिए, माता-पिता की वार्षिक आय ढाई लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए, लड़के एवं लड़कियों की आवश्यक पात्रता एक समान होगी, कक्षा 09-10 के विद्यार्थियों को 75000 रू0 एवं 11-12 के विद्यार्थियों हेतु 125000/- रू0 अवार्ड के रूप में दिया जायेगा।



# मटकी फोड़ कर मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

## जन्म दिवस के पूर्व दिवस पर ग्रामीणांचल में निकाली गई झांकियां

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वृहस्पतिवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पूर्व दिवस पर क्षेत्र के संस्थानो व गाँवों में धूम-धाम से जन्म दिवस मनाया गया। स्थानीय क्षेत्र के लखनसेनपुर, रानीगंज कैथोला बाजार, लालगंज, सांगीपुर व सगरा बाजार मे लोगों बडी धूम-धाम के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव को मनाया।

इस दौरान छोट-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण के रूप मे सज कर झांकियां निकाली। राधा-कृष्ण के मनमोहक दृष्य को देखकर लोग भाव विभोर हो गए। वहीं क्षेत्र के सगरा सुन्दरपुर स्थित चिल्ड्रन पैराडाइज स्कूल व रामकृपाल मिश्र ई. मी.कालेज में कृष्ण जन्ममहोत्सव की पूर्व दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे राधा कृष्ण और गोपियों के रूप में सजधजकर मनोहर और आकर्षक झांकी निकाली।


कल्याणपुर गांव में राधा की वेषभूषा में सजी लाडो।

राधा कृष्ण से संबंधित छात्राओं ने नृत्य एवं गायन का आकषर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रांगण में बच्चों ने दही मटकी फोड़ कार्यक्रम मे सोलह फुट ऊपर लगी मटकी फोड कर जन्मोत्सव को मनाया। राधा कृष्ण की आकर्षक झांकी बडी ही मनोहर रही। कार्यक्रम का संयोजन चतुर्भुज मिश्र एवं सीमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। संचालन देवास मिश्र ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने आयोजन पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की ओर से सभी का आभार जताया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रामपुर खास के दौरे पर आयेंगे। वह दिन में साढ़े बारह बजे से अपरान्ह तीन बजे तक लालगंज कैम्प कार्यालय पर क्षेत्रीय लोगों तथा पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। साढ़े तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन-पूजन कर क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित विविध कार्यक्रमों मे शामिल होंगे। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने गुरूवार को जारी संयुक्त बयान में लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंगलकामनाएं देते हुए कहा है कि यह पर्व आसुरी प्रवृत्ति की शक्तियों पर धर्म की विजय का मानव जगत को संदेश देते हुए सत्कर्म करने की हमें प्रेरणा दिया करता है।

# सूखे अमृत सरोवर पर ही मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

### केन्द्र व प्रदेश की है अति महत्वाकांक्षी योजना

### जलाशयों को पिकनिक स्पॉट बनाने की सरकार की योजना को प्रशासन ने बनाया मजाक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रशासन ने आजादी के अमृत महोत्सव में जारी शासन के निर्देशों को पग-पग दर किनार किया। आधे-अधूरे बने अमृत सरोवर पर ही तिरंगा फहराया कर शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना पर पानी फेर रहा है।

स्थानीय विकास खण्ड के एडीओ पंचायत सोमवार को 75 वाँ स्वतन्त्रता दिवस मनाने अगई गाँव पहुँच गए। वहां पर साहब ने आधे-अधूरे बने व सूखे अमृत सरोवर पर ही आजादी के अमृत महोत्सव को मनाया। अधिकारियों की मनमानी के चलते केन्द्र व प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर को पलीता लगा रहे है। वही शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक जलाशयों को पौधों, इटर लॉकिग, बैठने के लिए सीट के साथ खूब सूरत बनाया जाए। वहीं जिम्मेदार शासन के निर्देशों को दर किनार करते हुए नजर आ रहे है। अगई में ही नहीं, बल्कि पूरे विकास खण्ड में शायद ही कोई अमृत सरोवर पूर्ण हो। जब कि शासन का निर्देश था कि स्वतन्त्रता दिवस के पूर्व ही अमृत सरोवर के चारों तरफ वृक्षारोपण हो, इंटरलॉकिंग के साथ ही लोगों के लिए बैठने के लिए सीट रखी होनी चाहिए व सरोवर पानी से भरा हो। लेकिन शासन के निर्देश को दर किनार करते हुए एडीओ साहब अगई मे बने अधूरे व जल विहीन अमृत सरोवर पर ही ध्वधारोहण करके आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को मनाया। इस बारे में एडीओ पंचायत लालगंज का कहना है कि बजट के अभाव में अमृत सरोवर पूर्ण नही हो सका और न ही जल भराया गया।

## चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला के साथ मारपीट के मामले मे चार आरोपियो के खिलाफ लालगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के सराय जगत सिंह डिहवा निवासी घेराँऊ की पत्नी शीला वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सोलह अगस्त को रंजिशन गांव के अनुज पाल, अभिषेक वर्मा, साहुल पाल व सूरज वर्मा ने उसे लाठी डंडे से जमकर मारापीटा।

# निबंध में समीक्षा व स्लोगन प्रतियोगिता में संध्या मौर्य रही अव्वल

### डिग्री कालेज में स्वतंत्रता सप्ताह का कार्यक्रम पुरस्कार के साथ हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम के साथ महाविद्यालय परिवार ने हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इसी अनुक्रम में मदनमोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर प्रतापगढ़ की आजादी का अमृत महोत्सव समिति ने 22 जून से 17 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगितायें आयोजित किया जिनमें विद्यार्थियों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया। इसी परिपेक्ष्य में स्वतंत्रता सप्ताह समापन व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 17 अगस्त को कालेज प्राचार्य प्रो0 डॉ0 शिवम श्रीवास्तव समन्यवक डॉ ज्योति गुप्ता की देखरेख में अपराह्न 2 बजे महाविद्यालय के रानी नीलिमा कुमारी सभागार में सम्पन्न हुआ, जिसमें सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह, निबंध प्रतियोगिता में समीक्षा मिश्रा, बी. ए., द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान, शारिबा,बी. ए, तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान, आरती यादव, बी. ए., प्रथम वर्ष तृतीय स्थान, स्लोगन प्रतियोगिता में सन्ध्या मौर्या, बी. ए., प्रथम वर्ष प्रथम स्थान, समीक्षा मिश्रा, बी. ए., द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान, काजल त्रिपाठी, बी. ए., प्रथम वर्ष, ज्योति यादव, बी.ए., प्रथम वर्ष तृतीय स्थान (संयुक्त रूप से), स्लोगन प्रतियोगिता में समीक्षा मिश्रा, बी ए, तृतीय वर्ष प्रथम स्थान, काजल त्रिपाठी, बी ए. द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान, पल्लवी भारतीय, बी.ए., द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान, निबंध प्रतियोगिता में समीक्षा मिश्रा, बी. ए. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान, अदिति ओझा ,बी.ए., द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान, अंकिता, बी.ए., द्वितीय वर्ष रू तृतीय स्थान, क्विज प्रतियोगिता में शशांक शुक्ल, बी. ए., द्वितीय वर्षरूप्रथम स्थान,ऋषिता सिंह, बी. ए., द्वितीय वर्षरूद्वितीय स्थान, ज्योति यादव, बी. ए., प्रथम वर्ष, ऋषि, बी. ए., प्रथम वर्ष तृतीय स्थान (संयुक्त रूप से), भाषण प्रतियोगिता में आरती यादव,बी. ए., द्वितीय वर्षरूप्रथम स्थान शशांक शुक्ल, बी. ए., द्वितीय वर्ष द्वितीय स्थान, ऋषिता सिंह, बी.ए., द्वितीय वर्षरूतृतीय स्थान, कविता प्रतियोगिता मेंअवैश ताज,बी.ए., प्रथम वर्षरूप्रथम स्थान,काजल त्रिपाठी, बी.ए.,द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान, शुम्मुल फतिमा, बी. ए., द्वितीय वर्ष, अभय प्रताप, बी. ए., प्रथम वर्ष तृतीय स्थान (संयुक्त रूप से) मदनमोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिवार एवं अमृत महोत्सव टीम ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

## एंबुलेंस में गूंजी बच्ची की किलकारी

**परियावां, प्रतापगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर के अंतर्गत करमगंज गांव में गुरुवार की सुबह अनीता देवी पत्नी उज्वल कुमार (26) वर्षीय को अचानक असहनीय प्रसव पीड़ा शुरू होने पर गाव की आशा सुनीता देवी ने सुबह लगभग 7 बजे 102 एम्बुलेंस को फोन किया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस यूपी 41 जी 2166 करमगंज गांव पहुंची और अनीता देवी को लेकर ए एन एम सेंटर मानिकपुर के लिए रवाना हुई रास्ते में अनीता देवी को प्रसव पीड़ा असहनीय हुई तो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दिनेश कुमार ने पायलट सुशील कुमार मिश्रा की मदद से एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया प्रसव कराने के बाद मानिकपुर ए एन एम सेंटर में भर्ती कराया गया जहां पर जच्चा बच्चा दोनों स्वथ्य हैं। अनीता के परिजनों ने बच्ची की सकुशल जन्म होने पर जानकारी मिलते ही सभी खुशी हो गए और एंबुलेंस टीम को धन्यवाद दिया।

# आजादी के बाद पहली बार पूरे देश में देखी गई एकता की लहरः राजा अनिल प्रताप सिंह

### प्रतापगढ़ सिटी स्थित किले में आयोजित समारोह में बोले राजा अनिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाये जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह के अन्तिम दिन भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार पूरे देश में एकता की लहर देखी गई। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि पीएम मोदी के आवाहन पर देश का हर नागरिक अपने हॉथों में तिरंगा लिए सड़कों पर निकल कर देशभक्ति के गीत गया और वीर शहीदों को नमन किया।

आजादी के दीवानों की याद में मनाये जा रहे अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान से ऐसा लगा कि जैसे देश में एक नई आजादी की शुरूआत हुई है। भारत सरकार के इस अभियान से पूरे विश्व में पीएम मोदी की सराहना हो रही है। पीएम मोदी के इस अभियान से आज विपक्ष भी लोहा मान रहा है। इसीलिए मोदी बनाम आल विपक्ष एक जुट होते देखे जा रहे हैं। नगर कोतवाली के सिटी स्थित किले में बोलते हुए राजा अनिल ने कहा कि केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाएं धरातल पर दिखाई दे रही हैं। यही वजह रही है कि देश और प्रदेश का हर नागरिक सरकार के कार्यों की सराहना कर रहा है। भाजपा सरकार का समर्थन करने के लिए सरकारी महकमें के अलावा आम नागरिक हर घर तिरंगा लहराकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के लिए काम कर रही है। इस दौरान राजकुमारी मृगांका सिंह, भाजपा के महामंत्री आशीष कुमार श्रीवास्तव, शमशाद अहमद, धर्मेन्द्र सिंह सहित कार्यकर्ता, शिक्षक, एन सी सी कैडेट्स व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।


किले में कैडेटों की सलामी लेते राजा अनिल प्रताप सिंह।

# जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुबार्नी

### बच्चों की प्रस्तुति से नम हुई दर्शकों की आँखें

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के तुलसी सदन में चल रहे सात दिवसीय आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल मौजूद रहे।अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा हमारे जीवन की वह मजबूत नींव है, जिस पर एक विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।हमारे शिक्षक बधाई के पात्र हैं ,जिन्होंने बच्चों को तराश कर काबिल बनाया है।



तुलसी सदन में आयोजित समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों ने अतिथियों की अगवानी मुख्य द्वार से तिरंगा वेशभूषा, स्काउट, सेना की वेशभूषा, पीटी के बैंड बजाते हुए सम्मान के साथ मंच तक किया। कटरा गुलाब सिंह के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत शुभ दिन आयो, मां तुझे सलाम,तेरी मिट्टी में मिल जावा, ए मेरे वतन के लोगों की अद्भुत प्रस्तुती लोगों का दिल जीत लिया। शहीद कार्यक्रम पर दर्शकों की आंखें नम हो गई।

प्रधानाध्यापक मुहम्मद फरहीम (राज्य अध्यापक पुरस्कृत) को शिक्षा विभाग द्वारा स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम में कराए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण में आन्या विश्वकर्मा, शिप्रा पांडेय, फायजा खान, नंदिनी तिवारी, यशस्वी सिंह, लवली सिंह, दिव्यांशी पुष्पाकर समा तहसीन, सिमरन, मुस्कान विश्वकर्मा, मनीष, अनस, अमर मिश्रा व मोहम्मद फरदीन आदि बच्चों का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## नहर में बच्ची को लेकर कुदी महिला का मिला शव

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मधवापुर निवासी कंचना पत्नी सचिन गौतम (25) वर्षीय का 48 घण्टे बाद गुरुवार की सुबह लगभग 5 बजे बिजलीपुर बनगढ़वा झील के पास नवाबगंज पुलिस ने शव को बरामद किया। शव बरामद होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की डेढ़ वर्षीय किशोरी का शव नही मिल सका।पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा। बता दें कि उक्त थाना क्षेत्र निवासी कंचना पत्नी सचिन गौतम घर मे किसी बात को लेकर कहा सुनी के दौरान जल शाखा शारदा सहायक नहर में अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी को लेकर छलांग लगा दिया कंचना का शव गुरुवार की सुबह 5 बजे बिजलीपुर बनगढ़वा के झील में बरामद किया लेकिन बेटी का शव नही मिल सका। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा। घटना का सही कारण पता नही चल सका। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजीत यादव व समाज सेवी संतोष कुमार यादव ने पीड़ित परिवार को हर सम्भव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# नहर में संदिग्ध दशा में गायब युवक का शव बरामद

### हत्या की जताई गई आशंका

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर से दो दिन पूर्व गायब युवक का शव मिलने से गुरूवार को इलाके मे सनसनी फैल गयी। मृतक का शव जेठवारा माइनर पर अजगरा में मिलने की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची लीलापुर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए

भेजवाया।

बता दें अजगरा निवासी हनुमन्त सोनी 40 वर्ष पुत्र स्व. श्रीराम अपने घर के समीप साइकिल पंचर की दुकान चलाता था। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे घर के समीप जेठवारा रजबहा में ग्रामीणों ने संदिग्ध दशा में हनुमत का शव पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। स्वजन मौके पर पहुंचे और हनुमन्त का शव देख अवाक रह गए। लोगों ने देखा कि मृतक के नाक मुंह से खून निकला था। परिजनों के मुताबिक मृतक दो दिन से घर से लापता था। इसे लेकर परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे। इधर ग्रामीणों की माने तो उसे बुधवार शाम अजगरा बाजार में मृतक को देखा गया था। मृतक अकेले अपने घर पर रहता था। करीब छह वर्ष पहले मृतक का पत्नी से सम्बन्ध विच्छेद हो गया था। उसके कोई संतान भी नही है। लीलापुर एसओ विनीत उपाध्याय का कहना है कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले है। पुलिस के मुताबिक छानबीन में पता चला है कि मृतक नशे का आदी था। एसओ का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की स्थित स्पष्ट हो जायेगी। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जायेगी। इधर मौके पर जुटी भीड़ में हनुमंत की मौत को लेकर हत्या का कयास लगाया जा रहा था।


मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़।

# ढाबे पर फायरिंग के दो आरोपी धराये, लाइसेंसी बंदूक हुई बरामद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मंगलवार की रात ढाबे पर दहशत फैलाने के लिए की गई फायरिंग के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ गये। वहीं पुलिस को घटना मे प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक भी बरामद करने मे सफलता मिली है। अजगरा के डीके ढाबा पर हुए विवाद में लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर आरोपियों ने दहशत फैला दी थी। लीलापुर थानाध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय के निर्देशन में दरोगा सुनील कुमार फोर्स के साथ आरोपियों की तलाश मे थे। गुरूवार की सुबह मुखबिरी सूचना पर दरोगा ने घटना मे वांछित बाइक सवार दो अभियुक्तों को मोहनगंज के समीप भुवालपुर डोमीपुर देवघाट मंदिर के पास से धर दबोचा।

हिरासत मे लिए गये आरोपी पूरे खुशई मोहनगंज थाना लीलापुर, प्रतापगढ़ के संतलाल श्रीवास्तव के पुत्र सोनू तथा अन्तू थाना के मझिलाह निवासी मनोज कुमार सिंह के पुत्र सत्यम सिंह को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपियो के पास से पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक तथा चार जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। आरोपी सोनू श्रीवास्तव ने कबूला कि लाइसेंसी बंदूक उसके साथी सत्यम सिंह की है। वहीं सत्यम सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने दादा की बंदूक लेकर आया था और विवाद बढ़ने पर गुस्से मे फायरिंग कर दी।

## भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा की शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आरोपियों द्वारा भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने थाने में किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के औराईन गांव की रहने वाली मालती मौर्या पत्नी रामजियावन ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी भूमि पर जिस पर वह काफी समय से काबिज है उसके पड़ोस के तीन आरोपी कुछ दबंगों के साथ जबरन निर्माण कर रहे हैं। महिला जब रोकने जाती हैं तो उसे जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़ित महिला ने बताया कि पुलिस को सूचना देने पर काम तो रुक जाता है लेकिन पुलिस के जाने के बाद काम तुरंत चालू हो जाता है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# जनपद स्तरीय एक दिवसीय सांस्कृतिक युवा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय एक दिवसीय सांस्कृतिक (युवा उत्सव) कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सभागार किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत लोकगीत में बेल्हा ग्रुप यमी सिंह को प्रथम व शारदा संगीत महाविद्यालय को द्वितीय स्थान, कथम में संगम इण्टरनेशनल स्कूल को प्रथम व तनुश्री को द्वितीय स्थान, लोक नृत्य में शारदा संगीत महाविद्यालय को प्रथम, साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज को द्वितीय, शास्त्रीय संगीत में राजवेणु को प्रथम, नन्दिनी शारदा संगीत महाविद्यालय को द्वितीय स्थान, हारमोनियम लाइट में यमी सिंह को प्रथम, वादन तबला में विशाल यादव को प्रथम, शिवम तिवारी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा चयनित प्रतिभागियों को 20 अगस्त 2022 को मण्डल स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराया जाना है। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी अरूण कुमार सिंह, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश, कार्यक्रम प्रभारी के0के0 सिंह बीओपीआरडी गौरा, अविनाश कुमार मल्ल बीओपीआरडी शिवगढ़, अजय कुमार सराज बीओपीआरडी लक्ष्मणपुर, आशुतोष उपाध्याय, प्रतिभा रावत, राधेश्याम उपाध्याय, राधेश्याम तिवारी, रमाशंकर वर्मा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी सुरेन्द्रनाथ शुक्ल ने किया।


युवा उत्सव कार्यक्रम में मौजूद विजयी प्रतिभागीगण।

## अवैध तमंचा-कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 कमलेश कुमार पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के कपासी चैराहा के पास से एक व्यक्ति जितेन्द्र प्रसाद दूबे पुत्र रामशिरोमणि दूबे निवासी कपासी थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला 24 अगस्त को

**कौशाम्बी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू में 24 अगस्त 2022 को रोजगार मेला एवं 30 अगस्त 2022 को अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जायेंगा जिसमें प्रतिभाग करने हेतु जनपद के अधिकाधिक सरकारी निजी अधिष्ठान रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप उपलब्ध कराने हेतु उपस्थित रहेगें। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिराथू केके राम ने देते हुए बताया है कि जनपद के राजकीय निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले के अवसर का लाभ उठायें।

### भैंस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राजकुमार पुत्र बीरा लाल निवासी तैयाबपुर थाना मंझनपुर को चोरी की भैंस के साथ उदयगंज मोड़ के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# एसिड अटैक की घटना में सात अन्य अभियुक्त गिरफ्तार

## एसपी ने तीनों टीमो के उत्साहवर्धन हेतु 25 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से किया पुरस्कृत






एसिड अटैक की घटना में पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त व बरामद सामान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में 08 अगस्त 2022 को सैय्यद सरावा थाना चरवा अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा प्रबंधक के ऊपर ड्यूटी हेतु बैंक आते समय रास्ते में चिल्ला शहबाजी के पास दो अज्ञात नकाबपोश टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार अभियुक्तगणों द्वारा तेजाब फेंक कर घायल कर दिया गया था जिसके संबंध में थाना चरवा में मुकदमा अज्ञात पंजीकृत कर घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन पुलिस टीमों. क्षेत्राधिकारी चायल एसओजी टीम व प्रभारी निरीक्षक चरवा का गठन कर सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी चायल के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारीनिरीक्षक चरवा एवं एसओजी प्रभारी की संयुक्त टीम द्वारा 17 अगस्त 2022 को मुठभेड़ के दौरान तेजाब फेंकने वाले अपाचे सवार दोनों नकाबपोश अभियुक्त मान सिंह व दिलीप को नोहरी का पुरवा चरवा से गिरफ्तार कर जिनसे कड़ाई से पूछताछ करने पर घटना में सात अन्य सदस्यों की संलिप्तता स्वीकार की गयी घटना में शामिल 07 अन्य अभियुक्तों रामचन्द्र पासी पुत्र रामलखन पासी निवासी नटका थाना चरवा धर्मेन्द्र कुमार पासी पुत्र स्व0 रामहित पासी निवासी रामपुर थाना चरवा विनोद कुमार पासी पुत्र हरीलाल पासी निवासी घूरी थाना चरवा सतलाल पासी पुत्र बाबूलाल निवासी इगवा उर्फ काठगांव थाना पिपरी लवकेश पासी पुत्र गोली लाल निवासी कोटिया थाना सराय अकिल आजम पुत्र स्व० मो० आबाद निवासी सैयद सरावा थाना चरवा औसाफ पुत्र स्व0 मो० आबाद निवासी सैयद सरावा थाना चरवा की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लागातार प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर भागे हुए 07 अन्य शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर एवं अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना से सम्बन्धित सामान की बरामदगी कर घटना के सफल अनावरण पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तीनों टीमो के उत्साहवर्धन हेतु 25 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत गया।

# मोटरमकैनिक को मरणासन्न कर लक्जरी सवार फरार

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा में एक मोटरमकैनिक मनोज कुमार उम्र 25 वर्ष पुत्र बद्रीप्रसाद गांव काशीदास पुर टिकरी थाना सुल्तानपुर घोष जिला फतेहपुर नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 12 राष्ट्रीय राजमार्ग में किराए के मकान में दुकान खोल रखा है आज लगभग 3 बजे अशोक लीलैंड वाहन (पिकप)से अझुवा नगर की तरफ आया था अपने बहन के द्वारा खरीदी गई भैंस को टाण्डा ग्राम सभा से लेने जा रहा था अझुवा टाण्डा मोड़ से 500 मीटर आगे टाण्डा मार्ग पर अझुवा की तरफ आ रहे एक लक्जरी चार पहिया वाहन में अशोक लीलैंड गाड़ी छू गयी जिस पर लक्जरी वाहन में सवार लोगों ने मोटरमकैनिक को घसीट कर जबरिया अपने वाहन में भर लिए रास्ते मे जमकर मारपीट कर मरणासन्न कर फतेहपुर जिला के



अमाव पुल के नीचे फेंक कर फरार हो गए जाते जाते लक्जरी वाहन सवारों ने मकैनिक से 20 हजार रुपया एक एंड्रॉयड मोबाइल ,चाभियों का गुच्छा भी ले गए ।मकैनिक किसी तरह गिरते पड़ते जायसवाल ढाबा पहुंचा बेहोशी की हालत देख कर मौके पर रहे लोगों ने क्षेत्रीय पुलिस को सूचना दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मरणासन्न मिस्त्री को जरिये एम्बुलेंस खागा फतेहपुर इलाज को भेजकर लक्जरी वाहन चालक की तलाश में जुट गई है वहीं मिस्त्री गम्भीर घायल बताया जा रहा है।।

# अंतर प्रांतीय अखाड़ा कुश्ती में पहलवानों ने आजमाई किस्मत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अखाड़े में अंतर प्रांतीय पहलवानों ने हिस्सा लेकर कुश्ती की रौनक बढ़ा दी है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कई कुश्तियां बड़ी रोचक रही हैं मंझनपुर तहसील के ग्राम पंचायत सेगरहा में दंगल का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया है जहां दूरदराज के तमाम नामी पहलवानों ने अखाड़े में हिस्सा लिया है ग्राम प्रधान द्वारा दंगल का आयोजन कराया जाता है जिसमें दूर दूर से आये हुए पहलवानों ने अखाड़े में भाग लिया पहलवानो की कुश्ती देखने के लिए क्षेत्र के हजारों लोग इकट्ठा हुए। कुश्ती लड़ने वाले पहलवान भोला पहलवान बैरमपुर



अखाडा में उपस्थित पहलवान

नंद किशोर बादा दीपू पांडेय टेवा सुरेश मानिकपुर हजारी पहलवान सेगरहा दादा खान पलरा और महिला पहलवान दिल्ली से बैशाली और तमाम पहलवानों ने कुश्ती लड़ी दंगल चैपियन की कुश्ती राजेश पाडेय टेवा एवं लालता पसाद हमीरपुर के बीच चैम्पियन की कुश्ती हुई जिस में टेवा के राजेश पाडेय को बिजयी घोषित किया गया है इस दंगल का आयोजन पदुम नारायण सोनी के द्वारा मघासिहा के परब पर हर साल की तरह दंगल और मेले का आयोजन किया जिसमें चैपियन की कुश्ती में विजयी घोषित पहलवान को इकतीस सौ रुपए का इनाम दिया गया और दूर से आये हुए पहलवानों के खाने एवं रहने की उतम ब्यवस्था ग्राम प्रधान दारा अपने घर में की गई थी दंगल का संचालन राम यश पांडेय ने किया इस दंगल के निर्णायक परथवी मिश्रा शुभम शोनी राम सुमेर यादव सुंदर लाल कोरी रहे अखाड़े की कुश्ती देखने के लिए गांव-गांव से लोग अखाड़ा मैदान पहुंचे।

### राजनैतिक दलों के साथ बैठक 20 अगस्त

**कौशाम्बी।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 हेतु मतदेय स्थलों का सम्भाजन विलय के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष सचिव के साथ विचार-विमर्श हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 19 अगस्त 2022 को उदयन सभागार में बैठक आहूत की गयी थी किन्तु 19 अगस्त को शासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने के कारण अब यह बैठक 20 अगस्त 2022 को नियत तिथि और समय पर आयोजित की जायेंगी। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी ने देते हुए स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधियों को यथा दिनांक, समय व स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त बबलू उर्फ एजाज अहमद पुत्र नियाज अहमद निवासी मुस्तफाबाद थाना सरायअकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# किसी भी संस्था के लिए पत्रिका दर्पण के समान होती है : भरद्वाज

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी की वार्षिक पत्रिका उन्मीलन" (संयुक्तांक-2020-21 एवं 2021-22) का निदेशक, उच्च शिक्षा ( डॉ0 अमित भारद्वाज) उ0 प्र0 प्रयागराज एवं संयुक्त शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा उ0 प्र0 प्रयागराज ( डॉ0 के0 सी0 वर्मा) के कर कमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ0 अमित भारद्वाज ने वर्तमान समय मे पत्र पत्रिकाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि किसी भी संस्था के लिए पत्रिका दर्पण के समान होती है। महाविद्यालय के छात्र, छात्राओ के रचना कौशल , पत्रिका में प्रतिबिंबित होता है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 के0 सी वर्मा ने कहा कि पत्रिका में महाविद्यालय के प्राध्यापको विद्यार्थियों को अपनी ज्ञान प्रतिभा की अभिव्यक्ति प्रकाशित करने का सुअवसर प्राप्त होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ0 विनय कुमार सिंह ने अपने स्वागत उदबोधन में कहा कि महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका उन्मीलन छात्र, छात्राओ के रचना कर्म को निखारने के क्रम में एक प्रयास है । जैसा कि महाविद्यालय की पत्रिका उन्मीलन से ध्वन्यार्थ हो रहे अर्थ 'खिलना ' खुलना या विकसित हुआ होना है। महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी अपने रचनात्मक अभिव्यक्ति से पुष्प की भांति खिले और पल्लवित हो। जिससे महाविद्यालय का कोना- कोना उन्मीलन हो जाये ।यही शुभकामनाएं है। कार्यक्रम का संचालन पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया। पत्रिका के सह सम्पादक डॉ0 नीलम बाजपेई द्वारा सभी अतिथियों के प्रति

**प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी अपने रचनात्मक अभिव्यक्ति से पुष्प की भांति खिले और पल्लवित हो**



महामाया विद्यालय में उपस्थित शिक्षक

धन्यवाद ज्ञापित किया गया इस अवसर पर पत्रिका के सम्पादक मण्डल के सदस्य, और महाविद्यालय के प्रध्यापक डॉ0 नीलम बाजपेई, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान, डॉ0 भावना केसरवानी असिस्टेन्ट प्रोफेसर रसायन विज्ञान, डॉ0 नीरज कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान, डॉ0 सन्तोष कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान, एवम डॉ0 शैलेश मालवीय असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य उपस्थित रहे।

# पैसा लेने के बाद भी लाइनमैन नहीं कराया कनेक्शन, हंगामा

अखंड भारत संदेश

**मामला सराय अकिल पावर हाउस का जेई विद्युत के हस्तक्षेप के बाद शांत हुआ मामला**

**सरायअकिल कौशाम्बी।** सराय अकिल पावर हाउस में उस समय हंगामा मच गया जब उपभोक्ता ने एक लाइनमैन पर उसके 2000 लेने के बाद भी कनेक्शन ना कराने को लेकर विवाद कर दिया। हंगामे की आवाज को सुनकर काफी लोग इकट्ठा हो गए मौके पर पहुंचे अवर अभियंता ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दिया। शिकायती पत्र देते हुए सराय गांव के रहने वाले स्वर्गीय शिव बदन के पुत्र रमन कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया है कि पावर हाउस में रहने वाले लाइनमैन कुलदीप ने 8 महीने पहले उनसे कनेक्शन कराने के नाम पर पैसा लिया था, 2000 लेने के बाद भी उन्होंने अभी तक उनका कनेक्शन नहीं कराया। जिससे उनके घर की लाइट नहीं आ रही। मामले में दोनों पक्ष भिड़ गए देखते देखते हंगामा होते देख मौके पर अधिकारी पहुंचे दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया है। वहीं दूसरी ओर लाइनमैन को कड़ी फटकार लगाते हुए पीड़ित का पैसा वापस करने या फिर कनेक्शन कराने के लिए कहा। पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है लाइनमैन आए दिन विवादों के घेरे में क्यों रहता है।

और इस पावर हाउस में जितने भी रीडिंग करने वाले सविदा कर्मचारी है पैसा लेते है तब रीडिंग करते है और बड़ा चढ़ा रीडिंग लेते है और सायं को शराब बीयर बेनीराम कटरा मे सब एक साथ बैठकर पीते है!

### छात्रवृत्ति शुल्क हेतु करे ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनान्तर्गत पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्कप्रतिपूर्ति योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक की राशनकार्ड संख्या परिवार आईडी अंकित किये जाने हेतु एक फील्ड कॉलम प्रदर्शित क्रीऐट किया जा चुका है जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता ने जनपद के समस्त छात्र छात्राओं को सूचित किया है कि चालू वित्तीय वर्ष में लाभार्थीपरक योजनाओं में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्कप्रतिपूर्ति योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन करते समय राशनकार्ड संख्या परिवार आईडी संख्या अंकित फील्ड/प्रदर्शित कॉलम में अवश्य भरें।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना कौशाम्बी एक थाना सराय अकिल से चार थाना कोखराज एक थाना सैनी से चार थाना कड़ाधाम से एक कुल 12 अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# कान्हा गौशाला : भूख से तड़प रहे गौवंश और जिम्मेदार खा रहे एसी की हवा...

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत में बरइन के बाग में बनी कान्हा गौशाला में गौवंश भूख से मर रहे नगर में निर्मित स्थायी गौशाला में लगभग 2 सैकड़ा गौवंश हैं जहां चारे भूषा की समस्या खाली पड़ी चरही से देखी जा सकती है इनमें कब भूषा डाला गया है इसे महसूस किया जा सकता है ।गौवंशों की दुर्दशा देख जहाँ इलाज के अभाव में गौवंश तड़प रहे हैं भूषा की जगह मकई का डंठल खिलाया जा रहा है सैकड़ों गौवंशों के बीच एक दो बोझ मकई किस तरह गौवंशों की क्षुधा शांत करती होगी ये अपने आप मे बड़ा सवाल है। नगर में कई दर्जन सफाईकर्मी तैनात हैं तमाम सफाई कर्मी जिम्मेदारों के घरों में साफ सफाई का कार्य कर



गौशाला का दृश्य

रहे हैं कान्हा गौशाला में गंदगी का अंबार लगा है प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार गौशालाओं में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाए अब कान्हा गौशाला में ये स्थिति है तो गौशाला में जन्माष्टमी कैसे मनाई जाएगी ।वहीं क्षेत्रीय लोगो के आरोपो पर जाएं तो यहाँ भूख और इलाज के अभाव में गौवंशों की मौत होती है जिन्हें नगर के कर्मठ बीर जिम्मेदार जेसीबी से दफन करवा देते हैं।

# गांजा के साथ दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अनिल कुमार उपाध्याय पुत्र ओमकार नाथ उपाध्याय निवासी अकबराबाद गुहौली थाना सराय अकील को फकीराबाद चौराहा से 550 ग्राम गांजा व धमेन्द्र कुमार त्रिपाठी पुत्र हरिशंकर त्रिपाठी गुरौली बरौचा थाना व कौशाम्बी को फकीराबाद चौराहा से 450 के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।




गांजा के साथ गिरफ्तार अभियुक्त

# अधिकारियों की ढुलमुल रवैया के चलते भू प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हुए विकलांग

अखंड भारत संदेश

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** सरकारी जमीनों के सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा बनाए गए नियम के बाद गांव गांव भूप्रबंधन समिति का गठन किया गया है और तमाम ग्राम पंचायतों में भू प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान होते हैं लेकिन फिर भी ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीनों पर कब्जे किए जा रहे हैं लेकिन भू प्रबंधन समिति अवैध कब्जे को पर रोक नहीं लगा पा रही है सरकारी जमीनों पर भू प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान को कार्यवाही करने के मामले में विकलांग बना दिया गया है जो बड़ी चिंता का विषय है भू प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान और गांव क्षेत्र की जनता आए दिन अधिकारियों की चौखट पर सरकारी संपत्ति बचाने की गुहार लगा रही हैं लेकिन उसके बाद भी सरकारी संपत्तियों में कब्जे के मामले कम नहीं हो रहे हैं अब सवाल उठता है कि जब सरकार ने भू प्रबंधन समिति का अध्यक्ष ग्राम प्रधान को बनाते हुए सरकारी जमीनों की देखरेख का जिम्मा दिया है तो फिर भू प्रबंधन समिति के ग्राम प्रधानों को सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की चौखट पर क्यों दौड़ लगाना पड़ता है भू प्रबंधन समिति में कहीं भी तहसील के अधिकारी सदस्य नहीं है लेकिन उसके बाद भी ग्राम प्रधान की शिकायत पर अधिकारी जांच कराते हैं जांच के दौरान हेराफेरी होती है और कब्जा धारकों को बल दिया जाता है जिससे सरकारी संपत्तिया पूरी तरह से असुरक्षित दिखाई दे रही है भू प्रबंधन समिति को पूरी तरह से सक्रिय करना होगा और ग्राम पंचायतों की सरकारी संपत्तियों को बचाना होगा लेकिन इस ओर शासन से लेकर अधिकारी तक सक्रियता नहीं दिखा रहे हैं। ग्राम पंचायतों की तमाम सरकारी संपत्तियों में कब्जे की तमाम शिकायतें तहसील समाधान दिवस थाना समाधान दिवस जिलाधिकारी और संबंधित तहसील के तहसीलदार उप जिला अधिकारी के यहां लगातार गांव की जनता और ग्राम प्रधान कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी सरकारी संपत्तिया कब्जा धारकों से मुक्त नहीं हो पाती हैं केवल कुछ मामले का निस्तारण हो पाता है इसी तरह का एक ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रकसौली ग्राम पंचायत का है ग्राम प्रधान लगातार सरकारी संपत्ति को बचाने के लिए अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं लेकिन जांच के नाम पर लीपापोती का खेल शुरू है भू प्रबंधन समिति में लेखपाल सचिव के पद पर होता है जो अध्यक्ष से छोटा होता है लेकिन भू प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रधान की शिकायत पर लेखपाल की रिपोर्ट को अधिकारी अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं यह सरकार की कैसी विडंबना है कि छोटे पद पर बैठे व्यक्ति अधिक अधिकार रखने लगा है सोमवार को फिर ग्राम प्रधान रकसौली ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को शिकायती पत्र देकर सरकारी संपत्ति पर कब्जे की जानकारी देते हुए कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

### सिपाही के आतंक से जनता परेशान अपराधियों की बल्ले बल्ले

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र में अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने पर पुलिस चौकी मखदूमपुर का सिपाही पुष्पेंद्र आग बबूला हो गया और शिकायत करने वाले को खुलेआम गाली गलौज करने लगा जिस पर पीड़ित ने सिपाही की करतूत की वीडियो बनाना शुरू किया जिससे वह पुलिस अधीक्षक को सिपाही की करतूत दिखा सके वीडियो बनाते देखकर सिपाही का आक्रोश सातवें आसमान पर पहुंच गया और फरियादी को पीट कर मोबाइल छीन लिया एसपी से शिकायत करने वाले फरियादी को सिपाही ने घंटों पुलिस चौकी के अंदर गाली गलौज किया फरियादी गिड़गिड़ाता रहा घंटों बाद उसे मोबाइल वापस दिया गया अब सवाल उठता है कि सिपाही का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि फरियादी एसपी कार्यालय में शिकायत करेंगे तो उन्हें वापस जाने पर चौकी पुलिस द्वारा फिर गाली गलौज किया जाएगा । बताते चलें कि मखदूमपुर चौकी क्षेत्र के तलरी गांव निवासी रामचंद्र पासी के यहां बीते वर्ष चोरी हुई थी मामले में पीड़ित ने दर्जनों शिकायती पत्र दिया आरोपी शराब की भट्टी का संचालन करते हैं इस मामले की शिकायत 2 दिन पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय में करने के लिए रामचंद्र दंपत्ति सहित आए थे लेकिन तहसील समाधान दिवस होने के चलते पुलिस अधीक्षक से रामचंद्र की मुलाकात नहीं हो सकी एसपी कार्यालय के गेट पर मौजूद सिपाहियों ने यह कहकर रामचंद्र को वापस कर दिया कि साहब आएंगे तब शिकायती पत्र देना रामचंद्र पत्नी समेत वापस चला गया जैसे ही वह गांव पहुंचा चौकी के सिपाही ने उसे चौकी बुला लिया और उसके साथ गाली गलौज किया ।

# कब होगी बंजर भूमि कब्जा मुक्त : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी पर फर्जी घटना दिखाकर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वालों की सच्चाई अब सामने आने लगी है। इस बीच अजय सोनी ने सिराथू तहसीलदार संतोष सोनकर को पुनः एक शिकायती पत्र देकर फिर से यह मांग की है कि ग्राम सभा उदहिन बुजुर्ग की गाटा संख्या 487 में दर्ज बंजर भूमि पर दूसरे ग्राम सभा जगन्नाथपुर निवासी शाहीन बानो द्वारा किए गए अवैध कब्जे को मुक्त कराया जाए जिसपर तहसीलदार सिराथू ने जांच कराकर अवैध कब्जा धारक के खिलाफ कार्यवाही एवं कब्जा मुक्त करवाने की बात शिकायत कर्ता अजय सोनी से कही है। गौरतलब है कि ग्राम सभा उदहिन बुजुर्ग की गाटा संख्या 487 में दर्ज बंजर भूमि पर दूसरे ग्राम सभा के लोगों का अवैध कब्जा है। इसी के बगल में उदहिन बुजुर्ग की जमीन गाटा संख्या 488 है जिसपर जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी का प्राइमरी स्तर का एक विद्यालय और कई लोगों का खेत, खलिहान एवं पेड़ हैं जिसका रास्ता गाटा संख्या 487 में दर्ज बंजर भूमि से होकर जाता है जिसपर जगन्नाथपुर निवासी शाहीन बानो एवं इसके परिजन अवैध कब्जा कर रखे हैं और लोगों को आने जाने पर रोकते हैं और लड़ाई झगड़ा करते हैं। इसकी शिकायत अजय सोनी ने सिराथू तहसील प्रशासन से विगत जून माह में की थी। इसी बात से नाराज होकर शाहीन बानो की बहू हीना

**बंजर भूमि पर अवैध कब्जे की न हो जांच और ना हो नाप जोख, इसलिए फर्जी घटना की आड़ लेकर भू माफियाओं ने दर्ज कराया था मुकदमा**

खान ने जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी पर फर्जी घटना दिखाकर मुकदमा दर्ज कराया है। इस बीच अजय सोनी ने बताया कि हीना खान के पति सोनू खान द्वारा उदहिन चौकी में 21 जून को फर्जी मारपीट, गाली गलौज और लड़ाई झगड़ा का एक शिकायती पत्र दिया गया था जिसपर चौकी प्रभारी राम सजीवन साहू के बुलावे पर अजय सोनी कई बार उदहिन चौकी गए परंतु शिकायत कर्ता सोनू खान खुद चौकी नहीं गया और अजय सोनी द्वारा फोन पर बातचीत में झूठी शिकायत पर माफी मांग ली थी। इसी तरह अजय सोनी ने बताया कि ग्राम सभा उदहिन बुजुर्ग के गाटा संख्या 487 में करीब एक बीघा बंजर भूमि दर्ज है। इसी गाटा संख्या 487 में ही ग्राम जगन्नाथपुर निवासी शाहीन बानो की एक बीघा और करीब चौदह बिस्वा भूमिधारी जमीन भी दर्ज है। अजय सोनी ने आगे बताया कि जगन्नाथपुर निवासी शाहीन बानो ने अपनी जमीन के अलावा ग्राम सभा उदहिन बुजुर्ग की बंजर भूमि पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। शाहीन बानो द्वारा दूसरे ग्राम सभा उदहिन बुजुर्ग की बंजर भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने जून माह में सिराथू तहसील प्रशासन से शिकायत की थी। जिसकी नाप जोख लेखपाल द्वारा किसी भी दिन की जा सकती है। अजय सोनी के मुताबिक बंजर भूमि पर अवैध कब्जा धारक शाहीन बानो को जैसे ही पता चला कि गाटा संख्या 487 के बंजर भूमि की अजय सोनी द्वारा नाप करवाई जाने वाली है और लेखपाल किसी भी दिन नापजोख कर बंजर भूमि निकाल देगा, शाहीन बानो ने अपनी बहू हीना खान द्वारा एक मनगढ़ंत और फर्जी घटना दिखाकर अजय सोनी पर पाईंश थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया ताकि अजय सोनी जेल चले जाएं और अवैध कब्जे की जमीन की नाप जोख न हो सके। इस संबंध में अजय सोनी का कहना है कि उदहिन बुजुर्ग की गाटा संख्या 487 में दर्ज बंजर भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओं पर तहसील एवं जिला प्रशासन कब कार्यवाही करेगा। आगे कहा कि फर्जी मारपीट की घटनाओं को दिखाकर पति सोनू खान एवं पत्नी हीना खान द्वारा दो दो बार मारपीट एवं लड़ाई झगड़े की झूठी शिकायत करने पर ऐसे लोगों पर पुलिस प्रशासन क्या कार्यवाही करेगा। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही सारी सच्चाई सामने नहीं आई और मेरे साथ न्याय नहीं किया गया एवं फर्जी घटना दिखाकर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वालों के खिलाफ समुचित कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की गई तथा ग्राम सभा उदहिन बुजुर्ग की गाटा संख्या 487 में दर्ज करीब एक बीघा बंजर भूमि कब्जा मुक्त नहीं करवाया गया तो समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में आंदोलन किया जाएगा।

# नारियल तेल से करें पैरों की मालिश, मिलेंगे 5 जबरदस्त फायदे




शरीर की मालिश करने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। यह शरीर को स्वस्थ रखने और गंभीर रोगों से बचाने का एक आसान तरीका है। आप सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगों की मालिश कर सकते हैं। शरीर की मालिश के लिए देसी घी, सरसों का तेल, नारियल तेल आदि का प्रयोग करते हैं। सभी के अपने अलग लाभ हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, कुछ मामलों नारियल तेल से मालिश करना अधिक फायदेमंद होता है? नारियल तेल में कैल्शियम, मैग्नीशियम के साथ ही एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जिससे यह शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा दिलाने में बहुत लाभकारी है।

हम में से ज्यादातर खाना पकाने से लेकर, शरीर, बालों और त्वचा की कई समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए नारियल तेल का प्रयोग करते हैं। लेकिन क्या आपने कभी पैरों में नारियल तेल से मालिश की है? अगर आप पैरों में नारियल तेल से मालिश करते हैं इससे अद्भुत लाभ मिलेंगे। बहुत से लोग अक्सर पूछते हैं कि नारियल तेल से पैरों की मालिश कैसे करें? इस लेख में हम आपको पैरों में नारियल तेल लगाने के 5 फायदे (pairo me nariyal tel lagane ke fayde) और लगाने का तरीका बता रहे हैं।

**1. मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है**

अगर आप नारियल तेल से पैरों की मालिश करते हैं, तो इससे तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पैरों की मालिश करने से एंडोर्फिन का स्राव होता है, जो नर्व्स को आराम प्रदान करने और मस्तिष्क को शांत करने में मदद करता है।

**2. अनिद्रा की समस्या दूर होती है**

अगर आप रात को सोने से पहले पैरों में नारियल तेल लगाकर अच्छी तरह मालिश करते हैं तो इससे थकान दूर होती है और तनाव, चिंता को कम करने में मदद मिलती है। जिससे आपको नींद जल्दी आने में मदद मिलती है। साथ ही बेचैन नींद से भी छुटकारा मिलता है।

**3. पैर की मांसपेशियां और टखने मजबूत होते हैं**

पैर में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देने, दबी नसों को खोलने, हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में पैरों की नारियल तेल से मालिश बहुत प्रभावी है। इससे पैरों और जोड़ों में दर्द की समस्या दूर होती है और फ्रैक्चर का जोखिम भी कम होता है।

**4. एड़ियों में सूजन की समस्या दूर होती है**

बहुत सी महिलाएं पैर की एड़ियों में सूजन की समस्या का सामना करती हैं। ऐसा प्रगेनेंसी के दौरान वॉटर या फ्लूइड रिटेंशन के कारण होता है। यह पैर के तलवों में भी सूजन को ट्रिगर करता है। लेकिन नारियल तेल से पैरों की मालिश करने से सूजन से लड़ने दर्द को कम करने में मदद मिलती है।

**5. पैर कोमल बनते हैं**

पैरों में नारियल तेल लगाने से फटी एड़ियों, ड्राई स्किन और सख्त त्वचा से छुटकारा पाने में भी मदद मिलती है। यह आपको सॉफ्ट एड़ियां पाने में मदद करता है।

# पश्चिमी एशिया में गठजोड़ से भारतीय हित

लाकाई दावों को लेकर दबंग होता चीन और उसके पड़ोसी देशों के बीच बढ़ते तनावों एवं प्रतिद्वंद्विता वाले माहौल के मद्देनजर समूचे हिंद और प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सहयोग को लेकर नए-नए गठजोड़ उभर रहे हैं। पिछले कुछ सालों में सबसे अधिक ध्यान देने योग्य घटनाक्रम में 'क्वाड' गुट का उद्भव है। लेकिन एकदम हाल में जिस नई घटना से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफी हैरानी हुई है, वह है नवसंगठन, जिसे आमतौर पर आई2यू2 कहा जा रहा है। इसके सदस्यों में भारत के अलावा इस्राइल, युनाइटेड अरब अमीरात और युनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका हैं। औपचारिक रूप से इसका गठन 14 जुलाई, 2022 को हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इस्राइल और सऊदी अरब की यात्रा पर आए। कोई आश्चर्य नहीं कि बाइडेन की सऊदी अरब की फेरी ठंडी और औपचारिक स्तर पर रही, क्योंकि बाइडेन और युवराज सलमान के बीच संबंध बहुत ज्यादा गर्माहट भरे या निजी तौर पर दोस्ताना नहीं हैं। यही वजह है कि आगे चलकर बाइडेन ने युवराज सलमान पर तल्ख टिप्पणी करते हुए तुर्की के पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या में उनकी कथित भूमिका का आरोप लगाया।



इन मतभेदों के बावजूद सऊदी अरब और अमेरिका को एक-दूजे की बहुत जरूरत है क्योंकि वैश्विक ऊर्जा मामलों में सऊदी अरब की भूमिका बहुत महत्ती है। इसलिए बाइडेन के पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं था कि उन्हें सुधारवादी सोच रखने वाले और दृढ़निश्चयी युवराज सलमान का सम्मान रखना पड़ा और वार्ता भी की। अरब जगत में अमेरिका की भूमिका पहले की भांति अभी भी केंद्रीय बनी हुई है, सऊदी और यूएई सहित समूची फारस की खाड़ी के अनेकानेक तेल-संपन्न अरबी मुल्कों को वह आधुनिक हथियार और तकनीक मुहैया करवा रहा है। इसके अलावा, बहरीन में अमेरिका के पांचवें नौसैन्य बेड़े का अड्डा है। बाइडेन की इस्राइल की यात्रा के दौरान एक महत्वपूर्ण घटना आई2यू2 का पहला शिखर सम्मेलन होना है। अलबत्ता बाइडेन ने यह ख्याल रखा कि फिलीस्तीनी नेतृत्व से भी अलग से भेंट की और 15 जुलाई को यह मुलाकात हुई।

बाइडेन प्रशासन की प्राथमिकताओं में एक मुख्य अवयव भारत के साथ सहयोग बनाते हुए हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र, खासकर हिंद महासागर में नौवहनीय और तेल आपूर्ति मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पश्चिमी मीडिया की खबरों के मुताबिक, आई2यू2 गुट बनाने की जरूरत उस वक्त उभरी जब वाशिंगटन में यूएई के राजदूत युसुफ अल ओताएबा द्वारा आयोजित भेंटवार्ता में यह विचार उभरा, बैठक में इस्राइल के मौजूदा प्रधानमंत्री यासिर लापिड भी उपस्थित थे। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि हाल के वर्षों में भारत ने यूएई के साथ अपने रिवायती संबंध और मजबूत किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और यूएई के सुल्तान शेख खलीफा बिन ज़ायद अल नाहयान के बीच नजदीकी दोस्ती बनी हुई है। भारत के रिश्ते सउदिया राजशाही के साथ भी बहुत बढ़िया हैं, जिनके साथ हाल ही में बाइडेन ने भेंट की है।

आई2यू2 तंत्र के उद्भव के परिणामस्वरूप सदस्यों के बीच छह महत्वपूर्ण विषयों अर्थात? जल, ऊर्जा, परिवहन, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में संयुक्त निवेश करने पर सहमति बनी है। तेल संपन्न खाड़ी क्षेत्र के साथ नए क्षेत्रों में सहयोग बनना महत्वपूर्ण है, वह भी ऐसे वक्त पर जब पिछले कुछ सालों से खाड़ी मुल्कों से प्राप्त धन में कमी हो रही है। शायद, आई2यू2 के संयुक्त घोषणापत्र में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण पैराग्राफ यह है ='जहां परियोजना के लिए यथेष्ट भूमि भारत उपलब्ध करवाएगा और फूड पार्क में किसानों की एकीकृत भागीदारी बनाना सुनिश्चित करेगा वहीं अमेरिका और इस्राइल तकनीकी विशेषज्ञता और नवीनतम हल मुहैया करवाएंगे, जिससे कि परियोजना पूर्णरूपेण टिकाऊ बन पाए। इस किस्म के निवेश से फसल उत्पादन अधिकतम बन पाएगा, जिससे कि दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व में खाद्य सुरक्षा में हो रही कमी से निपटने में मदद मिलेगी'।

भारत के लिए शिखर सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है यूएई द्वारा भारत भर में फूड-पार्क बनाने के लिए 2 बिलियन डॉलर का निवेश करने का निर्णय लेना। इन नव-उद्यमों में कृषि उत्पादन करने के लिए ताजे पानी के स्रोतों की बचत करने वाली नवीनतम तकनीकें और अक्षय ऊर्जा का इस्तेमाल होगा, जिसके लिए अमेरिका और इस्राइल यथेष्ट तकनीकी योगदान करेंगे ताकि योजना टिकाऊ बन सके। एकीकृत फूड पार्क की श्रृंखला में स्टेट-ऑफ-आर्ट, पर्यावरण-स्मार्ट तकनीकें इस्तेमाल होंगी ताकि ताजा जल के अलावा पैदा हुए अनाज-फलों की बर्बादी न हो। इसके लिए अमेरिका और इस्राइल के निजी क्षेत्र को अपनी विशेषज्ञता और अन्य नूतन खोजों का लाभ मुहैया करवाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इससे न केवल कृषि में संयुक्त निवेश बढ़ेगा बल्कि अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी। यह इस्राइल, अरबी मुल्कों के साथ संयुक्त भागीदारी वाला पहला उपक्रम होगा, जिसे अमेरिका का समर्थन प्राप्त है। यूएई में अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी का मुख्यालय भी है और 2023 में होने वाली 'कॉप-28' बैठक की मेजबानी भी करने जा रहा है।

इस्राइल और सऊदी अरब से वापसी के पहले जो बाइडेन ने 5.3 बिलियन डॉलर मूल्य के सौदे सिरे चढ़ाए हैं, जिसके तहत यूएई और सउदिया को अमेरिका हवाई सुरक्षा मिसाइलें देगा। शिखर सम्मेलन के घटनाक्रम भारत के लिए संतोषप्रद हो सकते हैं। भारत से कृषि उत्पादन के निर्यात से आसपास की समूची फारस की खाड़ी के मुल्कों की भोजन जरूरतें भी पूरी हो पाएंगी। यह ऐसे वक्त पर हो रहा है जब खाड़ी के देशों में काम करने वाले भारतीय कामगारों द्वारा स्वदेश में भेजने वाले धन की मात्रा में ठहराव आ चुका है या कमी हो रही है। बताया जा रहा है कि केरल में, जहां फारस की खाड़ी में काम करने गए कामगार वापस आने लगे हैं, नई संभावनाओं को लेकर मंथन चल रहा है। पिछले साल भारत को विदेशों से कुल मिलाकर 87 बिलियन डॉलर की प्राप्ति हुई है। इसमें 23 बिलियन डॉलर का सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका से आया है और 18 बिलियन डॉलर के साथ यूएई दूसरे स्थान पर है। रोचक यह कि तेल संपन्न मुल्क जैसे कि सऊदी अरब, कुवैत और कतर से आने वाले धन के सामने सिंगापुर से 7 बिलियन डॉलर की प्राप्ति बौनी प्रतीत होती है। मित्र खाड़ी देशों से आने वाला धन क्यों कम होता जा रहा है इसपर विस्तृत अध्ययन करने की जरूरत है वहीं अमेरिका, यूके और सिंगापुर से पावती बढ़त की ओर है।

इसके अलावा, यह संकेत भी हैं कि गैस-संपन्न कतर अपने इलाके में अपेक्षाकृत स्वतंत्र भूमिका निभाना चाहता है। खबरें हैं कि कतर का झुकाव पाकिस्तान और तुर्की की ओर बढ़ने लगा है। हालांकि यह ऐसा कुछ नहीं है जिससे भारत को बहुत चिंतित होने की जरूरत हो। भारत के लिए अधिक महत्वपूर्ण है कि सहयोग बढ़ाने की डगर पर बढ़ता चले ताकि स्वदेशी कृषि क्षेत्र में और अधिक निवेश हो पाए, खासकर सऊदी अरब से। आई2यू2 का दायरा बढ़ाया जा सकता है, इससे यह और मजबूत होगा।

## सम्पादकीय

# मानवता की प्रार्थना

दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल भारत विभाजन की विभीषिका में जिन लाखों निर्दोष लोगों की जानें गईं, अब उनकी शहादत को गरिमा देना समय की पुकार है। इस सांप्रदायिक हिंसा में मारे गये लाखों लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये मंगलवार को अकाल तख्त में पहली बार जिस विशेष 'अरदास समागम' का आयोजन किया गया, वह मानवता के प्रति हमारे दायित्वों का बोध कराता है। इस समागम में सभी संप्रदायों के लोगों ने भागीदारी की और मांग की गई कि भारत व पाकिस्तान की सरकारें कम से कम एक दिन अपनी संसद में शोक प्रस्ताव पारित करके विभाजन की त्रासदी के शिकार दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दें। निस्संदेह, जब दोनों देश आजादी के 75 साल पूरे कर रहे हैं तो ऐसी सार्थक पहल वक्त की जरूरत कही जा सकती है। निस्संदेह, विभाजन का दंश झेलने वाले इन लोगों ने दोनों देशों की आजादी की कीमत चुकाई है, जो एक मायने में आजादी के लिये शहादत का ही एक रूप है। जिनका भावपूर्ण स्मरण हमारा नैतिक दायित्व भी बनता है। निस्संदेह, ऐसी पहल हर इंसान को सोचने को विवश करेगी कि सांप्रदायिक संकीर्णताएं मानवता के लिये कितना बड़ा अभिशाप हैं। जो आपराधिक तत्वों को हिंसक कृत्य करने और स्वच्छंद व्यवहार करने का अवसर देती हैं। यह भी कि तत्कालीन राजनीतिक दलों ने अपने निहित स्वार्थों के लिये मानवता की रक्षा के दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं किया। हमारी आजादी के लिये इन लाखों लोगों ने कितनी बड़ी कीमत चुकाई, वह कल्पना से परे की बात है। सदियों से स्थापित जड़ों से उखड़कर कई पीढ़ियों से अर्जित चल-अचल संपत्ति को कुछ ही क्षणों में गंवाना किसी वज्रपात से कम नहीं था। वजह सिर्फ यह कि धार्मिक संकीर्णताओं ने हैवानियत की आग में घी डालने का काम किया। निस्संदेह, इस त्रासदी के मूल में ब्रिटिश हुकमरानों की साजिश भी शामिल थी, जो भारतीय आजादी को विफल बनाने की साजिश कर रहे थे।बहरहाल, आजादी के 75 साल पूरे होने पर दोनों देशों के हुकमरानों को सोचना होगा कि कटुता की यह आग राजनीतिक स्वार्थों के लिये और न भड़कायी जाये। इस आग की कीमत सिर्फ और सिर्फ मानवता को ही चुकानी पड़ती है। भौगोलिक सीमाओं ने अब हमें पड़ोसी बनाया है, हम पड़ोसी नहीं बदल सकते। 21वीं सदी में दोनों देशों और सभी संप्रदायों को सोचना होगा कि हमारी संकीर्ण सोच के चलते मानवता ने कितनी बड़ी कीमत चुकायी है। यह उदाहरण है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति कितनी घातक होती है। जिन लाखों लोगों ने अपने घर-बार, परिवार और चल-अचल संपत्ति गवांई, उनकी कभी न खत्म न होने वाली टीस बार-बार इस जहरीली सोच की हकीकत बताती है। निस्संदेह, सांप्रदायिकता की राजनीति आग से खेलने जैसी होती है जिसकी कीमत दोनों ही संप्रदायों को चुकानी पड़ती है। राजनीतिक ताकतें इसी सांप्रदायिकता का भय दिखाकर ही अपने निरंकुश एजेंडे और मनमानी नीतियों को अंजाम देकर सत्ता में बनी रहती हैं। इसी आग में विकास और नई संभावनाओं का पराभव होता है। किसी भी तरह का संघर्ष व तनाव मनुष्यता के स्वाभाविक विकास में बाधक ही है। ईश्वर ने सभी इंसानों को एक जैसा बनाया है जो जन्म से एक जैसे ही होते हैं। लेकिन धार्मिकता की संकीर्णताएं इंसान में विभाजन के बीज बो देती हैं। निस्संदेह, धर्म व्यक्ति का निजी व्यवहार है। उसकी सीमा वहां खत्म हो जाती है जहां दूसरे की आस्था शुरू होती है। सीमाओं का यही अतिक्रमण मानवता के लिये अभिशाप बनता है। कभी कहा जाता रहा है कि सांप्रदायिकता का घातक प्रभाव अशिक्षा के चलते होता है, लेकिन विडंबना देखिये कि पढ़ी-लिखी पीढ़ी भी सांप्रदायिकता के संजाल में उलझती जा रही है। आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिये सोलहवीं सदी की कबीलाई सोच से मुक्त होने की जरूरत है। अन्यथा यह टकराव व हिंसा का ज्वार मानवता की प्रगति व विकास पर ग्रहण बनकर उसे लीलता रहेगा। यह जागने का वक्त है।

# गुजरात मॉडल की बात करने वाले मोदी को भी अब योगी मॉडल ही भाता है

हिन्दुस्तान की राजनीति में कभी मोदी के 'गुजरात मॉडल' ने बड़ा फरेबदल किया था। आठ वर्ष पूर्व 2014 में इसी गुजरात मॉडल के सहारे नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद से दिल्ली तक की दूरी पूरी की थी। वह गुजरात के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री बन गए थे। पहली बार देश में बीजेपी की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनी थी। इसका पूरा श्रेय मोदी और उनके गुजरात के विकास मॉडल को दिया गया था, जिसको (गुजरात मॉडल) आम चुनाव में मोदी ने बड़ा मुद्दा बनाया था। उन्होंने अपनी सभी जनसभाओं में गुजरात मॉडल की चर्चा करते हुए दावा किया था कि यदि केन्द्र में उनकी सरकार बनी तो जैसे गुजरात का विकास किया गया है, उसी तर्ज पर वह पूरे देश का विकास करेंगे। मतदाताओं ने, जो तत्कालीन मनमोहन सरकार के दस साल के कार्यकाल से काफी नाखुश थे, मोदी की बातों पर विश्वास किया और मोदी की सरकार बनी तो कांग्रेस चारो खाने चित हो गई।

मोदी को पीएम बने आठ वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, इस दौरान देश का विकास के क्षेत्र में आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन अब कहीं भी गुजरात मॉडल की चर्चा नहीं सुनाई देती है। गुजरात मॉडल नेपथ्य में चला गया है। अब तो पूरे देश में योगी मॉडल ही छाया हुआ है। दिल्ली सहित कई राज्यों की जनता योगी के कामकाज के तौर-तरीकों से काफी प्रभावित नजर आती है। योगी के काम करने के तरीके ने लोगों को योगी का कायल बना दिया है। देश के किसी भी हिस्से में अपराधी या साम्प्रदायिक ताकतें सिर उठाती हैं तो एक ही आवाज सुनाई देती है, देश या प्रदेश का माहौल बिगाड़ने वालों से निपटने के लिए वही तरीका अपनाया जाए जो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अपराधियों या अराजक तत्वों के साथ अपनाती है। सवाल यह है कि योगी मॉडल है क्या ? तो इसको समझने के लिए किसी रॉकेट सांइस समझने जैसी जरूरत नहीं है।

योगी सरकार का एक ही फलसफा है कि कोई भी अपराधी या दंगाई सामने आकर या पर्दे के पीछे से प्रदेश को माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो जैसे सांप के फन को कुचला जाता है, वैसे ही अपराधियों को 'कुचल' दिया जाए। कोर्ट-कहचरी में मामला जाए, वहां बहस में उलझें इससे पहले योगी का बुलडोजर गरजने लगता है, जो भी कोई प्रदेश का अमन-चौन बिगाड़ने की कोशिश करता है, सबसे पहले योगी सरकार द्वारा उसकी %कुंडली' बनाने और खंगालने का काम शुरू किया जाता है। एक बार कुंडली सामने आने के बाद अपराधियों और दंगाइयों के खिलाफ योगी का बुलडोजर और पुलिस महकमा मैदान में कूद पड़ता है। अपराध करने वाला कभी तख्ती हाथ में लेकर आत्मसमर्पण के लिए थाने पहुंच जाता है



तो कभी अपनी जमानत रद्द कराकर जेल की सलाखों के पीछे वापस चला जाता है। कई अपराधी डर के मारे यूपी से भाग खड़े होते हैं। प्रयागराज और कानपुर में दंगाइयों से जिस तरह से योगी सरकार निपटी, वह प्रदेश के इतिहास में एक मिसाल बन गई।

इसी प्रकार सीएए का विरोध कर रहे आंदोलनकारियों ने आगजनी और सरकारी-पब्लिक की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तो योगी सरकार ने ऐसे लोगों की संपत्ति की कुर्की का फरमान जारी करते हुए उनके पोस्टर-बैनर चौराहों पर लगा दिए। जिसकी चर्चा पूरे देश में हुई। योगी सरकार का लोग गुणगान करने लगे। अब तो कहीं किसी भी राज्य में दंगा फ़साद होता है तो वहां की जनता योगी सरकार की तरह अपराधियों और दंगाइयों पर कार्रवाई की मांग करने लगती है। बिहार में जब नीतीश कुमार ने बीजेपी से गठबंधन तोड़ कर लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के साथ महागठबंधन की सरकार बनाई तो जनता के बीच चर्चा छिड़ गई कि अब बीजेपी इस महागठबंधन का मुकाबला कैसे करेगी तो फिर योगी का चेहरा और उनका बुलडोजर मॉडल चर्चा में आ गया। बिहार में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। जानकार कह रहे हैं कि अगले कुछ समय में बिहार की कानून व्यवस्था काफी प्रभावित हो सकती है। अपराध का ग्राफ भी बढ़ सकता है। ऐसे में अगला चुनाव कानून व्यवस्था के मुद्दे पर ही लड़ा जाता है तो योगी का चेहरा आगे करके बीजेपी जनता के बीच यह मैसेज दे सकती है कि जिस तर्ज पर योगी ने यूपी को अपराध मुक्त बनाया है, उसी तरह से बिहार को भी अपराध मुक्त बनाया जाएगा। बीजेपी का जनता से किया यह वायदा उसके लिए बिहार में 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सियासी रूसख की बात की जाए तो देखने में यही आता है की देश में कहीं भी कोई चुनाव होता है तो मोदी के बाद योगी की डिमांड सबसे अधिक होती है। योगी जहां चुनाव प्रचार को जाते हैं, वहां बीजेपी प्रत्याशी की जीत की सम्भवना 70 फीसदी बढ़ जाती है। कर्नाटक में बीते दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक नेता की हत्या के बाद अपनी ही पार्टी संगठन के तीखे सवालों से घिरे मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के खिलाफ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ही उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के बुलडोजर मॉडल की चर्चा शुरू कर दी। दक्षिण कर्नाटक में बीजेपी नेता प्रवीण नेट्टारु की हत्या के मामले में दो अभियुक्त ज़ाकिर और शफ़ीक़ गिरफ्तार हो चुके हैं। लेकिन अपने ही कार्यकर्ता बोम्मई सरकार से ख़फ़ा हैं। इनका आरोप है कि सरकार अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करने में नाकाम है। इस वर्ग की मांग है कि कर्नाटक में यूपी का योगी मॉडल लागू हो। इस पर सीएम बोम्मई कहते हैं उत्तर प्रदेश में हालात यहां से बहुत अलग हैं। वहां के लिए योगी जी बिल्कुल फिट हैं। कर्नाटक में हालात काबू करने के लिए हम हर तरीका अपना रहे हैं। अगर ज़रूरत पड़ी तो यहां भी हम गवर्नेंस का योगी मॉडल अपना सकते हैं।

बहरहाल, राजनीति में समय बहुत मायने रखता है। बोम्मई का ये बयान भी ऐसे समय में आया है जब इसी साल मार्च में योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। बता दें कि 2014 के बाद से बीजेपी ने देश में हर चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इर्द-गिर्द ही लड़ा है। अब तक पार्टी ने गुजरात मॉडल का हवाला देते हुए जन-जन तक ये संदेश पहुँचाया कि मोदी के मुख्यमंत्री रहते हुए गुजरात में कितना विकास हुआ। 2017 का यूपी चुनाव भी मोदी के चेहरे पर ही लड़ा गया और जीत मिलने के बाद योगी आदित्यनाथ को सीएम की ज़िम्मेदारी दी गई। इस मौक़े को योगी ने खूब भुनाया।

उत्तर प्रदेश में 37 साल बाद ऐसा हुआ जब कोई दल फिर से सत्ता में आया। मार्च 2022 में हुए चुनाव में उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में से बीजेपी ने अपने दम पर 255 सीटें हासिल कीं। इस चुनाव के ठीक बाद रामपुर और आज़मगढ़ की लोकसभा सीटों के लिए उपचुनाव में भी बीजेपी जीती, जबकि दोनों सीटों को समाजवादी पार्टी का गढ़ समझा जाता था। राजनीति के जानकारों ने इस भारी जीत के लिए पीएम मोदी के साथ ही योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व को भी बड़ी वजह माना।

कर्नाटक हो या मध्य प्रदेश या अन्य कोई राज्य। देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए कहा जा सकता है कि सभी जगह योगी मॉडल का ज़िक्र अपराधी या दंगाइयों के खिलाफ़ सरकार की सख्ती के तौर पर हो रहा है। जब सवाल ये उठता है कि योगी मॉडल है क्या ? इस पर मिलीजुली प्रतिकिया सामने आती है। जब भी कोई सीएम योगी मॉडल की बात करता है तो उनका इशारा बुलडोज़र की ओर होता है। जहां पूरी ताकत के साथ बुलडोजर अपराधियों और अराजक तत्वों के खिलाफ गरजता है।

क्या योगी प्रशासन की सख्ती सभी समुदाय के लोगों पर एक जैसी होती है? इस सवाल पर योगी आदित्यनाथ की सफलता यही है कि उन्होंने एक तरफ उपद्रवियों की नकेल कस दी है तो दूसरी तरफ महिला का अपमान करने वाले नोएडा के उस श्रीकांत त्यागी को भी सबक सिखा दिया है जो अपने आप को बीजेपी का नेता कहता है। योगी ने कानून व्यवस्था काफी कड़ी कर दी है। अपने पहले कार्यकाल में भी योगी आदित्यनाथ ने दंगाइयों और अपराधियों के घरों पर ठीक वैसे ही बुलडोज़र चलाया था, जैसा अब चल रहा है, जिसकी आलोचना भी कम नहीं हुई थी।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने विधान सभा चुनाव प्रचार के दौरान एक सभा में योगी पर तंज़ करते हुए उन्हें बुलडोज़र बाबा कहा तो सपा पर यह दांव उलटा पड़ गया। इसके बाद बुलडोज़र बीजेपी के प्रचार अभियान का एक अहम हिस्सा बन गया। यहाँ तक कि यूपी की मजबूरी है, बुलडोज़र ज़रूरी है और बाबा का बुलडोज़र जैसे नारे भी गूंजे। सीएम योगी के पिछले कार्यकाल में सबसे पहली बार कानपुर में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या के अभियुक्त विकास दुबे के घर पर बुलडोज़र चलाया गया था। इसके बाद बुलडोजर किसी पीड़ित को इंसाफ दिलाने का उदाहरण बन गया। इसी प्रकार हाल ही में बीजेपी की पूर्व नेता नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद पर दी गई विवादित टिप्पणी के बाद यूपी के प्रयागराज में छिड़ी हिंसा के कथित मास्टरमाइंड जावेद पंप के घर को बुलडोज़र से ढहा दिया गया। प्रशासन की ओर से पंप के घर को अवैध निर्माण बताया गया था। जानकारों की नज़र में बुलडोज़र एक्शन दरअसल अपराधियों और अभियुक्तों को दंड देने की प्रक्रिया भर नहीं है। इसके पीछे पूरे प्रदेश और अब देश भर में अपराधियों और दंगाइयों को मज़बूती के साथ यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि कानून का खिलावाड़ करने वालों को कोई बचा नहीं सकता है। योगी की पहचान ऐसे प्रशासक के तौर पर हो रही है, जो अपराध के ख़िलाफ़ फ़ौरन कार्रवाई करते हैं। योगी सरकार की इस त्वरित कार्रवाई वाले फॉर्मूले पर चलते हुए हाल में मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार और असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार भी अभियुक्तों पर बुलडोज़र वाला एक्शन ले चुकी है।

## कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच नियुक्त हुए चंद्रकांत पंडित

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर चंद्रकांत पंडित को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम आईपीएल 2022 तक टीम के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे, लेकिन टेस्ट में इंग्लैंड की पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होने के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने ट्वीट किया, हमारे पास एक नया हेड कोच है। नाइट राइडर्स परिवार में आपका स्वागत है, चंद्रकांत पंडित।



केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने घोषणा करते हुए एक बयान में कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि चंदू हमारी यात्रा के अगले चरण में हमारा नेतृत्व करने के लिए नाइट राइडर्स परिवार में शामिल हो रहे हैं। उनके ट्रैक रिकॉर्ड के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता है। घरेलू क्रिकेट में उनकी सफलता हर किसी को दिखाई देती है। हम अपने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ उनकी साझेदारी को लेकर आशान्वित हैं। नई चुनौती को स्वीकार करते हुए, चंद्रकांत पंडित ने कहा, यह जिम्मेदारी दिया जाना एक महान सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैंने खिलाड़ियों और अन्य लोगों से नाइट राइडर्स के पारिवारिक संस्कृति के साथ-साथ परंपरा के बारे में भी सुना है। मैं सहयोगी स्टाफ और सेट अप का हिस्सा रहे खिलाड़ियों की गुणवत्ता को लेकर उत्साहित हूं और मैं पूरी विनम्रता और सकारात्मक उम्मीदों के साथ इस अवसर की प्रतीक्षा कर रहा हूं। विशेष रूप से, पंडित के निर्देशन में इस साल जून में मध्य प्रदेश ने अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता था। उन्होंने मुंबई और विदर्भ को भी रणजी ट्रॉफी जीत दिलाई है।

## वेस्टइंडीज के लिए एक और विश्व कप और जीतना चाहता हूं : आंद्रे रसेल

**सेंट जॉन्स।** हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने ऑस्ट्रेलिया में इस साल के आईसीसी टी 20 विश्व कप में वेस्टइंडीज टीम में संभावित वापसी के संकेत दिए हैं। रसेल ने पिछले साल दुबई में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद से वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व नहीं किया है, लेकिन वह इस साल के 20 ओवर के टूर्नामेंट के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।



स्काईस्पोर्ट्स ने रसेल के हवाले से कहा, ईमानदारी से, कहूं तो मेरे पास दो फ्रेंचाइजी शतक हैं और मैं चाहता हूं कि ऐसे शतक वास्तव में वेस्टइंडीज के लिए खेलते हुए आएं। मुझे वास्तव में जमैका तल्लावाह के लिए खेलने में मज़ा आया लेकिन यह दो शतक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अधिक खास होता। इंग्लैंड में अपने कार्यकाल के बाद, रसेल इस महीने के अंत में शुरू होने वाली कैरेबियन प्रीमियर लीग में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे। रसेल ने कहा, 'मैं हमेशा खेलना और वापसी करना चाहता हूं। लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड और हमारे बीच कुछ शर्तों पर सहमती नहीं हो पा रही,... उन्हें मेरी शर्तों का भी सम्मान करना होगा। हमारे पास परिवार हैं और हमें हमारा सर्वश्रेष्ठ देने के लिए अवसर मिलने चाहिए। ऐसा नहीं है कि मैं फिर से शुरू कर सकता हूं। मैं 34 वर्ष का हूं और मैं वेस्टइंडीज के लिए एक और विश्व कप जीतना चाहता हूं।

## आईसीसी ने की अगले पांच सालों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2023 से 2027 तक मेन्स फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफ़टीपी) जारी किया है। आईसीसी के इस कार्यक्रम के तहत पिछले पांच सालों के मुकाबले अगले पांच सालों में ज्यादा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। आईसीसी ने अपने एफटीपी में 12 फुल मेंबर्स को शामिल किया है, जो अलग-अलग सीरीजों में खेलेंगे। 2023-2027 एफ़टीपी चक्र में कुल मिलाकर 777 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे, जिनमें 173 टेस्ट, 281 एकदिवसीय और 323 टी20 शामिल हैं। भारत 2023 एकदिवसीय विश्व कप से पहले घर में 27 एकदिवसीय मैच खेलेगा। इस बीच, भारतीय टीम इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।

# वेस्टइंडीज ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** शमर ब्रूक्स के 79 रन और कप्तान निकोलस पूरण (28) के साथ उनकी 75 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दुनिया की नंबर एक टीम न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया।

न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण मिलने पर 45.2 ओवर में 190 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज ने 39 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। ब्रूक्स ने 58 गेंदों पर वनडे में अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया। वह 34वें ओवर में आउट हुए लेकिन तब तक वेस्टइंडीज की जीत सुनिश्चित हो चुकी थी।

ब्रूक्स ने अपनी पारी में 91 गेंदों का सामना किया तथा नौ चौके और एक छक्का लगाया। जब



वेस्टइंडीज ने 11 ओवर शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल किया तब जेसन होल्डर (नाबाद 13) और जर्मेन ब्लैकवुड (नाबाद 12) क्रीज पर थे। इससे पहले अकील हुसैन और अलजारी जोसेफ ने तीन तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज को नहीं चलने दिया। यह मार्च 2020 के बाद पहला अवसर है जबकि वनडे में न्यूजीलैंड की पूरी टीम आउट हुई। उसकी तरफ से कप्तान केन विलियमसन ने सर्वाधिक 34 रन बनाए।

## एशिया कप 2022 में टीम इंडिया को चीयर अप करने के लिए 'लाइगर' स्टार्स ने लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2022 शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का समय शेष है। 15वां संस्करण इस बार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाना है जिसका आगाज 27 अगस्त से होगा। वहीं भारत का पहला मुकाबला 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ होगा। ऐसे में कू ऐप पर स्टार स्पोर्ट्स इंडिया ने एक पोस्ट साझा की है, जिसमें टीम इंडिया को चीयर अप करने के लिए लम्बे समय से चर्चित फिल्म लाइगर के मुख्य किरदार विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे ने विचार रखे हैं।

एक वीडियो भी शेयर किया गया है जिसमें एक्टर विजय देवरकोंडा और एक्ट्रेस अनन्या पांडेय टीम इंडिया को चीयर्स करने की अपील करते हुए नजर आए। कू ऐप पर #GreatestRivalry और #Mauka हैशटैग के साथ मैच की नई-पुरानी यादें साझा करने के लिए भी कहा गया है। गौर हो कि एशिया कप 2022 में 6 टीमें हिस्सा लेगी जिसमें भारत,



पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीम शामिल है। वहीं एक टीम क्वालीफायर राउंड के जरिए हिस्सा लेगी। उक्त क्वालीफायर 21 अगस्त से शुरू होंगे जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, कुवैत और हॉन्ग कॉन्ग की टीमों के बीच मुकाबले होंगे। टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान और क्वालीफायर राउंड से आने वाली टीम शामिल होंगी। वहीं, ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीम को रखा गया है।

## छत्तीसगढ़ को खेलगढ़ में विकसित करने का जरिया बनेगी पेशेवर मुक्केबाजी : मुख्यमंत्री बघेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर का सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम बुधवार की देर शाम बॉक्सिंग प्रेमियों के शोर से गूंज उठा। मौका था अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी मुकाबले 'द जंगल रंबल' का। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी बॉक्सिंग का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को खेलगढ़ में विकसित करने की दिशा में पेशेवर मुक्केबाजी जरिया बनेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को एक खेल राज्य खेलगढ़ के रूप में स्थापित करने का प्रयास जारी है। मुक्केबाज विजेंदर सिंह की पेशेवर लड़ाई इस योजना को और मजबूत करेगी। हमें न केवल लोगों को प्रोत्साहित करना है, बल्कि छत्तीसगढ़ को खेल की महाशक्ति के रूप में पहचान दिलाने के लिए भी तैयारी करनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन में आकर अच्छा लगा। यह छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक पल है। छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के प्रयासों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल अकादमी की स्थापना की गई है और खेलों के लिए अलग से प्राधिकरण भी बनाया गया है। इससे आधारभूत सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों को संवारने के काम एक साथ होगा। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में क्रिकेट का रोड सेफ्टी मैच हुआ। कई बड़े खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ में अब लगातार कोशिश हो रही है, खेलों को बढ़ावा मिले और युवा खेलों के लिए प्रेरित हो।

बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में खेलों का माहौल बन रहा है। महिला हॉकी में पहले ही राज्य का प्रतिनिधित्व रहा है, अब कॉमनवेल्थ गेम्स में हमारी बिटिया आरुषि कश्यप ने बैडमिंटन में मेडल जीता है। तीरंदाजी में भी यहां अनेक संभावनाएं हैं। ऐसे आयोजनों से राज्य में खेलों को नया आयाम मिलेगा।



**प्रतियोगिता में हुए पांच रोचक मुकाबले**

लाइट वेट ग्रुप में पहला मुकाबला अमेय नितिन और असद आसिफ खान के बीच हुआ। इस मुक़ाबले में असद ने बाजी मारी। वहीं दूसरा मुकाबला आशीष शर्मा और कार्तिक सतीश कुमार के बीच हुआ, जिसमें कार्तिक सतीश कुमार विजेता घोषित किए गए। तीसरा मैच शैकोम और गुरप्रीत सिंह के बीच हुआ। गुरप्रीत सिंह इस मैच के विजेता बने।

मुक्केबाजी का चौथा मुकाबला सचिन नौटियाल बनाम फैजान अनवर के बीच हुआ। एक मिनट 17 सेकेंड में ही सचिन नौटियाल से फ़ैजान अनवर ने खेल जीत लिया। सचिन नौटियाल प्रतिद्वंदी खिलाड़ी फ़ैजान के पंच से पस्त हुए और रिंग छोड़ बाहर चले गए। खेल के नियमों के तहत रेफ़री ने फ़ैजान को विजेता घोषित किया।

**सबके आकर्षण का केंद्र रहा विजेंदर-सुले के बीच मुकाबला**

बॉक्सिंग की इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र पेशेवर भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह और घाना के एलियासु सुले के बीच हुआ मुकाबला रहा। इस मैच में विजेंदर सिंह ने अपने तगड़े पंच से एलियासु सुले को मात दी। द जंगल रंबल के पांचवें और इस आखिरी मुकाबले में केवल 02 मिनट 07 सेकेंड में ही एलियासु को धूल चटा दी। विजेंदर सिंह ने अपने तगड़े पंच से एलियासु सुले को ऐसी चोट दी और वे वापसी नहीं कर सके, जिससे विजेंदर सिंह को जीत मिली।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ये पहला पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला है। भारत के पहले पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह इस मुकाबले के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण ले रहे थे। इस मुकाबले के लिए विजेंदर सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## मंत्री व खेल निदेशक ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव पर 15 अगस्त से चली रही प्रतियोगिताओं का समापन हो गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि जनपदों में अधिक से अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये, जिससे अधिकतम खेल प्रतिभाएं निकल कर सामने आयें। मुझे आज यहां आकर अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है कि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी एवं समस्त खेल संघ एवं जिला प्रशासन ने मिलकर इतना सुन्दर आयोजन किया।

उन्होंने कहा कि आप सभी लोग मिलकर भविष्य में और अच्छा आयोजन करेंगे व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। उप्र सरकार के द्वारा सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों का कोटा दो प्रतिशत कर दिया गया है। यही नहीं राष्ट्रमंडल खेलों, एशियाई खेल एवं ओलम्पिक के पदक विजेताओं को सीधे राजपत्रित पद पर सुशोभित



किया जायेगा। इस अवसर पर मंत्री गिरीश यादव व खेल निदेशक आरपी सिंह ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और पुरस्कार वितरित किये। निदेशक खेल ने कहा कि जनपद लखनऊ में एक साथ 17 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना बड़े हर्ष की बात है। आगे चलकर ये खिलाड़ी निश्चय ही प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर मुनव्वर अंसार, सीईओ उप्र जूडोसंघ, बीआर वरुण, सचिव जिला एथलेटिक्स संघ, रंजीत यादव, सहदेव, राजेश आदि ने सहयोग किया।

## एशियाई पुरुष अंडर-18 वॉलीबॉल चैंपियनशिप : भारत ने थाईलैंड को 3-1 से हराया



**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान के तेहरान में आयोजित 14वीं एशियाई पुरुष अंडर-18 वॉलीबॉल चैंपियनशिप के अपने दूसरे मैच में थाईलैंड को 3-1 (25-21, 24-26, 27-25, 25-23) से हराया। भारत के लिए धुरविल पटेल, कुश सिंह, शेखर तुरान और यमन खटीक (लाइबेरा) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और इस जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारतीय टीम अपने अगले मैच में कोरिया से भिड़ेगी। बता दें कि भारतीय टीम को इससे पहले अपने पहले मैच में जापान से हार का सामना करना पड़ा था। जापान ने एक रोमांचक मुकाबले में भारत को 3-2 (20-25,23-25, 25-23,25-21,13-15) से हराया था। 14वीं एशियाई पुरुष अंडर-18 वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 15 से 22 अगस्त, 2022 तक तेहरान, ईरान में किया जा रहा है।

## रोइंग एसोसिएशन ने ओलम्पिक संघ के प्रदेश महासचिव सहित कई दिग्गजों को दिया गौरव सम्मान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में निशातगंज स्थित बोट क्लब पर आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न उत्सव तिरंगे रंग से सजी रोइंग की नाव के मध्य मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश में खेलों के प्रसार में उल्लेखनीय योगदान देने वाले खेल दिग्गजों को उत्तर प्रदेश गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान (एमएलसी) और विशिष्ट अतिथि एन.पद्मजा चौहान (आईपीएस) ने विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में सबसे पहले बर्मिंघम कामनवेल्थ गेम्स-2022 से वापसी के बाद उत्तर प्रदेश के खेल पुरोधा डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव उ प्र ओलम्पिक संघ) को सम्मानित किया गया।



इसके बाद खेल निदेशक डॉ.आरपी सिंह, उप्र ओलम्पिक संघ कोषाध्यक्ष मनीष कक्कड़, डिप्टी एसपी जटाशंकर मिश्रा (ओलम्पियन एथलीट), डॉ.आईडी शर्मा, डॉ.आलोक सोती, हरीश शर्मा, अधिवक्ता परितोष शर्मा, अधिवक्ता राकेश शुक्ला व डिप्टी एसपी डीके धवन को सम्मानित किया गया। इसके साथ समारोह में विभिन्न खेलों को उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में नवयुग डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। जबकि सेंट्रल अकादमी के बच्चों ने चेहरे पर तिरंगा बनाकर देशभक्ति के भावना की अलख जगाई। इस अवसर पर उप्र रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीयूष धईया, यूपी ट्रायथलान एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा, उप्र तैराकी संघ के सचिव रविन कपूर, कराटे एसोसिएशन ऑफ उप्र के अध्यक्ष टीपी हवेलिया, यूपी टेनिस संघ के सचिव पुनीत अग्रवाल व अन्य मौजूद थे।

# कल्पा में राज्य स्तरीय 56वीं वरिष्ठ फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

**रिकांगपिओ।** चार दिवसीय वरिष्ठ वर्ग की 56वीं प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज जिला किन्नौर के कल्पा मिनी स्टेडियम में कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष उमेश नेगी द्वारा किया गया। वही मुख्यातिथि के समक्ष प्रदेश भर से आए टीमों मार्च पास के प्रदर्शन किया व अयोजकोत को प्रतियोगिता कर शुभारंभ करने की अनुमति दी। मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की अपील करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता का पहला मैच साई कांगड़ा और कुल्लू के मध्य खेला गया वही कांगड़ा ने 3-1 से मैच को अपने नाम किया। वो वही दुसरा मैच किन्नौर और बिलासपुर के बिच खेला गया




जहां किन्नौर ने भी इस मैच को 3-1 से बढ़त हासिल कर मुकाबले को अपने नाम कर लिया। प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव दीपक शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लाहौल स्पीति जिला को छोड़कर प्रदेश भर से 13 टीमें भाग ले रही हैं। तथा इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश फुटबॉल संघ और जिला फुटबॉल संघ किन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।

गौरतलब है कि किन्नौर जिला में यह फुटबॉल प्रतियोगिता 1996 के बाद 26 वर्ष बाद इस वर्ष आयोजित की जा रही है। यह फुटबॉल प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट के आधार पर खेली जा रही है वही इस प्रतियोगिता को चार पूल में विभाजित करके सभी पूल की चार टॉप टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश मिलेगा।वही इस प्रतियोगिता से विजेता रही टीम का संतोष ट्रॉफी टीम के लिए चयन होगा।

# ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप 19 से, 18 जिलों के सात खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ सहित कुल 18 जिलों के लगभग 700 खिलाड़ी आगामी 19 से 21 अगस्त तक होने वाली प्रथम यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप में पदकों पर दावेदारी करने के लिए प्रतिस्पर्धा में उतरेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ की ओर से चौक स्टेडियम में किया जाएगा।

चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन 20 अगस्त को किया जाएगा। इसके लिए 19 अगस्त को टीम रजिस्ट्रेशन व खिलाड़यों का भार होगा। इसके अलावा पूमसे की स्पर्धा भी होगी। चैंपियनशिप के बारे में उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष सलिल सिंह टीटू ने बताया कि चैंपियनशिप में क्यूरगी व पूमसे के विभिन्न वर्गों में मुकाबले होंगे। इसमें सीनियर, कैडेट, सब जूनियर व जूनियर आयु वर्ग में क्यूरगी व पूमसे वर्ग में दांव पर लगे 89 स्वर्ण, 89 रजत व 178 कांस्य पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी।



उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के सचिव व लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष चंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चैंपियनशिप में बालक व बालिकाओं में कैडेट आयु वर्ग में 10-10, जूनियर वर्ग में 10-10, सब जूनियर वर्ग के 12-12 और सीनियर वर्ग के 8-8 भार वर्गों सहित 80 भार वर्ग और पूमसे में नौ वर्गों के मुकाबले होंगे। लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ के सचिव व आयोजन सचिव सुभाष मौर्या ने बताया कि चैंपियनशिप में सेंट्रल जोन के अंतर्गत आने वाले 18 जिलों जैसे रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, फर्रुखाबाद, कन्नौज, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बरेली, सुल्तानपुर, फतेहपुर, बलरामपुर के लगभग 700 खिलाड़ी व अधिकारी भाग लेंगे।

**चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन 20 अगस्त को किया जाएगा। इसके लिए 19 अगस्त को टीम रजिस्ट्रेशन व खिलाड़यों का भार होगा।**

# विदेश संदेश

## गोटबाया के करीबी का दावा- 24 अगस्त को श्रीलंका वापस लौटेंगे पूर्व राष्ट्रपति

**कोलंबो।** श्रीलंका में भीषण आर्थिक व राजनीतिक संकट के लिए जिम्मेदार ठहराए गए पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे 24 अगस्त को श्रीलंका लौट सकते हैं। यह दावा गोटबाया के करीबी व रूस में श्रीलंका के राजदूत रहे उदयंगा वीरातुंगा ने किया है। अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को पिछले माह उस समय देश छोड़कर भागना पड़ा था, जब आंदोलित श्रीलंकाई नागरिकों ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया था। सेना के एक विमान से भाग कर गोटबाया पहले मालदीव गए और फिर



वहां से सिंगापुर चले गए थे। सिंगापुर पहुंच कर ही गोटबाया ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था। सिंगापुर में प्रवेश करते ही उन्हें 14 जुलाई को 14 दिन का अल्पकालिक यात्रा पास प्रदान किया गया था। बीते 27 जुलाई को उनके यात्रा पास की अवधि 14 दिन और बढ़ाई गयी थी। इसके बाद से उनके जल्द श्रीलंका लौटने की बात कही जा रही थी, किन्तु सिंगापुर में पुन- यात्रा पास की अवधि समाप्त होते ही गोटबाया थाईलैंड पहुंच गए थे। गोटबाया को थाईलैंड में 90 दिन प्रवास की अनुमति मिली थी। पिछले महीने श्रीलंका के मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने भी कहा था कि श्रीलंका में अभी ऐसे हालात नहीं है कि गोटबाया वापस लौटें। ऐसे में माना जा रहा था कि गोटबाया के लौटने में विलंब हो सकता है। अब गोटबाया के करीबी और रूस में श्रीलंका के पूर्व राजदूत उदयंगा वीरातुंगा ने कहा है कि वह 24 अगस्त को श्रीलंका लौटेंगे। वीरातुंगा के इस दावे के बाद श्रीलंका में एक बार फिर गोटबाया की वापसी को लेकर चर्चाएं शुरू हो गयी हैं।

## अमेरिका के डलास में दो हजार बच्चों ने गीता पाठ करके दिया भारतीय संस्कृति का सन्देश

**वाशिंगटन।** भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया को आकर्षित कर रही है। यह बात अमेरिका के डलास में एक बार फिर साबित हुई है। दरअसल डलास के एक स्टेडियम में एक साथ दो हजार बच्चों ने गीता पाठ कर पूरे पश्चिमी जगत को भारतीय संस्कृति के प्रति आकृष्ट



होने का संदेश दिया है। हाल ही में तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो में एक बड़ा इंडोर स्टेडियम नजर आ रहा है। यह वीडियो अमेरिकी शहर डलास का है। वहां एक इंडोर स्टेडियम में मौजूद दो हजार बच्चे एक साथ सस्वर भगवत् गीता का पाठ कर रहे हैं। न सिर्फ भारतीय मूल के लोग, बल्कि अमेरिकी भी भारी संख्या में वहां मौजूद हैं। बताया गया कि ये बच्चे पिछले दो वर्ष से भगवत् गीता का अभ्यास कर रहे थे। इसी अभ्यास की परिणति सस्वर गीता पाठ में हुई है। अब इस आयोजन की चतुर्दिक सराहना हो रही है।

## फ्लोरिडा की अदालत ने 16 साल की लड़की को गर्भपात से रोका, नियम पर फिर छिड़ी बहस

**फ्लोरिडा ।** अमेरिका में गर्भपात नियम को लेकर पहले से ही बहस छिड़ी हुई है। इस नियम को लेकर विरोध-प्रदर्शन भी हुए। अब एक खबर फ्लोरिडा से सामने आई है, यहां एक अदालत ने 16 वर्षीय लड़की की गर्भपात करने की अपील को अस्वीकार कर दिया। फ्लोरिडा कोर्ट ने कहा कि 16 वर्षीय लड़की गर्भपात कराने के लिए 'पर्याप्त रूप से परिपक्व' नहीं है। कोर्ट के इस फैसले के बाद कुछ सांसदों ने नाराजगी जाहिर की है।अदालत में अपील करने वाली लड़की की पहचान नहीं हो पाई है। उसने निचली अदालत को बताया कि वह बच्चा पैदा करने के लिए तैयार नहीं है। वह अभी भी स्कूल में है और उसके पास कोई नौकरी भी नहीं है। बच्चे का पिता भी उसकी कोई मदद करने की स्थिति में नहीं है। इसलिए वह गर्भपात करना चाहती है। फ्लोरिडा में गर्भपात की मांग करने वाले नाबालिगों को अपने माता-पिता में से कम से कम एक की सहमति की आवश्यकता होती है। लेकिन लड़की के माता-पिता इस शहर में नहीं है वह एक रिश्तेदार के साथ रहती है। लड़की वह उस नियम से छूट की मांग कर रही थी।

## चीन के 22 जेटों, पांच युद्धपोतों ने की ताइवानी सीमा में घुसपैठ, बीजिंग ने बढ़ाई हरकतें

**ताईपे ।** अमेरिकी सांसदों का दल ताइपे पहुंचने के बाद से चीनी सेना ने ताइवान को धमकाने के लिए सैन्याभ्यास को और तेज कर दी हैं। इस युद्धाभ्यास के दौरान चीन के 22 लड़ाकू विमान और पांच युद्धपोत ताइवानी सीमा का उल्लंघन कर चुके हैं।

ताइवान टाइम्स ने राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) के हवाले से कहा, पीएलए के इन लड़ाकू विमानों और पोतों ने चीन और ताइवान के बीच की मध्य रेखा को पार किया। इससे पहले अमेरिकी निचले सदन प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के दौरान भी चीन ने इस इलाके में 100 से ज्यादा जेटों और 22 युद्धपोतों के साथ लगभग सप्ताह भर सैन्याभ्यास किया था। चीनी राष्ट्रपति, विदेश मंत्रालय और पीएलए अमेरिका को ऐसी यात्राओं के खिलाफ



लगातार धमकाते रहे हैं। ताइवानी मंत्रालय के मुताबिक, इन विमानों में चार सुखोई एसयू-30 लड़ाकू विमान, तीन शेनयांग जे-11 जेट लड़ाकू विमान, दो शेनयांग जे-16 जेट लड़ाकू विमान और एक शानक्सी वाई-8 परिवहन विमान शामिल थे।

**ताइवान ने भी शुरू किया युद्धाभ्यास**-ताइवान ने भी हमले की दशा में जवाबी कार्रवाई के लिए युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ताइवानी सेनाओं ने दक्षिणपूर्वी काउंटी 'हुलिएन' में सैन्याभ्यास किया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सन ली-फांग ने बताया, उन्होंने चीनी पोतों और विमानों की निगरानी के लिए युद्धक निगरानी विमान और युद्धपोत मध्य रेखा की तरफ रवाना किए। ताइवानी सेना ने चीन के पांच विमानों को ताइवान खाड़ी की मध्यरेखा को पार करते हुए पकड़ा। चीन की हर हरकत पर नजर रखने के लिए हवाई गश्ती विमान और जहाज लगातार तैनात हैं। इसके साथ ही साथ तट आधारित मिसाइल सिस्टम की भी तैनाती की गई है।

## चीन के पश्चिमी किंघाई प्रांत में बाढ़ से 16 की मौत, 36 लोग लापता



**किंघाई ।** चीन के पश्चिमी किंघाई प्रांत में अचानक आई बाढ़ से 16 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग लापता हैं। चीन की सरकारी मीडिया सीसीटीवी ने बताया कि तेज बारिश से भूस्खलन हुआ जिससे नदी का रास्ता बदल गया। समाचार एजेंसी की खबर में स्थानीय आपदा प्रबंधन विभाग के हवाले से बताया गया है कि दातोंग हुई और तू स्वायत्तशासी कस्बे में अचानक बाढ़ आ गई। विभाग ने बताया कि दोनों कस्बों का प्रशासन संभालने वाले शिनिंग शहर से उसे आपदा की सूचना मिली। इसके बाद नियंत्रण एवं राहत कार्य के लिए तत्काल कदम दठाए गए।

## थाईलैंड दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर, हिंदू मंदिर में की पूजा-अर्चना

**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर थाईलैंड के दौरे पर हैं। गुरुवार को यहां स्थित एक हिंदू मंदिर में पूजा अर्चना की। जयशंकर भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की नौवीं बैठक में भाग लेने के लिए थाईलैंड पहुंचे थे।

विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट किया, 'बैंकॉक के देवस्थान में आज प्रार्थना की। फ्रा महाराजागुरु विधि का आशीर्वाद लिया। यह हमारी साझी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को रेखांकित करता है।' देवस्थान या 'थाई रॉयल कोर्ट' का 'रॉयल ब्राह्मण ऑफिस' बैंकॉक के फ्रा नाखोन जिले में वाट सुथत के पास स्थित है। यह मंदिर थाईलैंड में हिंदू धर्म का आधिकारिक केंद्र है। महाराजागुरु विधि थाई ब्राह्मण समुदाय के प्रमुख हैं।



मंदिर 'कोर्ट ब्राह्मण' का निवास है, जो तमिलनाडु के रामेश्वरम के पुजारियों के पूर्वजों के वंशज हैं। ये ब्राह्मण थाईलैंड शाही परिवार के लिए हर साल कई महत्वपूर्ण शाही और धार्मिक अनुष्ठान तथा समारोह करते हैं।

## रुश्दी की तरह मुझ पर भी हो सकते हैं हमले : तसलीमा नसरीन

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के लेखक सलामन रुश्दी पर अमेरिका में हमले के बाद बांग्लादेश मूल की लेखिका तसलीमा नसरीन ने कहा है कि मेरे ऊपर भी हमले हो सकते हैं। तसलीमा नसरीन ने दावा किया कि एक पाकिस्तानी धार्मिक नेता अल्लामा खादिम हुसैन रिजवी उन्हें मारना चाहता था। तसलीमा ने कहा कि रिजवी ने पाकिस्तानी चरमपंथियों को उन्हें मारने के लिए प्रेरित किया। बांग्लादेश में पैदा हुई लेखिका तसलीमा नसरीन के खिलाफ कथित इस्लाम विरोधी टिप्पणियों के लिए अतीत में कई फतवे (मौत की सजा) जारी हो चुके हैं।



तसलीमा नसरीन ने ट्विटर पर धर्मगुरु का एक वीडियो भी शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, यह धर्मगुरु मुझे मारना चाहता था और उसने इस्लाम के नाम पर लाखों पाकिस्तानी चरमपंथियों को मुझे मारने के लिए प्रेरित किया। यह दावा कर रहा है कि इसने मेरी किताब पढ़ी है, लेकिन मैं निश्चित रूप से कह सकती हूं कि इसने ऐसा नहीं किया। यह झूठ बोल रहा था। शुक्रवार को लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से हमले के बाद तसलीमा ने कहा कि उनकी भी हत्या हो सकती है। गौरतलब है कि मुंबई में जन्मे विवादास्पद लेखक रुश्दी को 'द सैटेनिक वर्सेज' की रचना करने के बाद कई वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से जान से मारने की धमकियों का सामना करना पड़ा। उन्हें शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क में 24 वर्षीय एक युवक ने एक कार्यक्रम में चाकू मार दिया। रुश्दी ने जिस खतरे का सामना किया, उसी तरह निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन को भी धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।

## वैश्विक स्तर पर फिर बढ़ रहा कोरोना, एक माह में 35 प्रतिशत बढ़ी मौतों की संख्या

**जेनेवा।** दो साल तक भीषण जानलेवा संकट बना रहा कोरोना एक बार फिर बढ़ रहा है। पिछले एक माह में कोरोना महामारी से मौतों की संख्या में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख डॉ. टेड्रोस घेब्रेयसस ने इस बाबत चेताया है।

पूरी दुनिया पर कोरोना का खतरा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख घेब्रेयस ने कहा है कि हमें बीमारी खत्म होने की बात नहीं मान लेनी चाहिए। इसके विपरीत हर किसी को स्वयं और दूसरों के बचाव के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हम सब कोरोना वायरस व महामारी से थक और ऊब गए हैं किन्तु यह वायरस अभी नहीं थका है। अब भी कोरोना का ओमिक्रॉन प्रतिरूप



सर्वाधिक सक्रिय प्रतिरूप बना हुआ है।

अपने संदेश में डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा है कि पिछले एक माह में 15 हजार लोगों ने कोविड से जान गंवाई है। संक्रमण रोकने और लोगों की जान बचाने के सभी संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में मौत बर्दाश्त के बाहर है। अब कोरोना को लेकर हम असहाय नहीं हैं। जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति टीका लगवाए और जरूरत पड़ने पर बूस्टर टीका लगवाएं। मास्क पहनें

> **पूरी दुनिया पर कोरोना का खतरा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख घेब्रेयस ने कहा है कि हमें बीमारी खत्म होने की बात नहीं मान लेनी चाहिए।**

और सुरक्षित शारीरिक दूरी बनाए रखें। उन्होंने निराश होकर यह भी कहा कि अस्पतालों की बढ़ती संख्या के बावजूद हम टीकों की असमान पहुंच के साथ नहीं रह सकते हैं।

## पृथ्वी पर क्षुद्रग्रह लेकर आया था पानी, जापानी वैज्ञानिकों का खुलासा

**टोक्यो। ।** जापानी वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि पृथ्वी पर पानी क्षुद्रग्रह लेकर आया था। उन्होंने 'रीयुगू' नामक क्षुद्रग्रह के धूल का अध्ययन करने के बाद इसका खुलासा किया है। हाल ही में 'जर्नल नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित अध्ययन में ब्रह्मांड, सौरमंडल, ग्रह और धरती के बनने की कहानी बताई गई है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, क्षुद्रग्रह 'रीयुगू' 800 मीटर व्यास का पत्थर है।

इस पत्थर से जो नमूने धरती पर लाए गए हैं, वह बेहद गहरे रंग के हैं। इनके बीच एक हरे रंग का कार्बनिक पदार्थ मिला है। ये पदार्थ काफी छिद्रों से भरा हुआ है। इसमें मौजूद छिद्रों से पता चलता है कि इसके अंदर से पानी या गैस का बहाव होता रहा होगा। इसका अर्थ यह हुआ कि 450 करोड़ साल पहले 'रीयुगू' पर जीवन के संकेत थे। आज भी ये संकेत संभव हैं।

ऑस्ट्रेलिया की क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने भी मिट्टी के इन नमूनों का अध्ययन किया है। उन्होंने बताया कि प्राप्त नमूनों की मिट्टी इतनी काली है कि ये सूर्य की रोशनी का सिर्फ 2 फीसदी हिस्सा ही परावर्तित करती है। यह कार्बन का एक विशिष्ट रूप है। रीयुगू, धरती और मंगल के बीच की कक्षा में धरती के चारों तरफ चक्कर लगाता है।

**अध्ययन के लिए भेजा गया हायाबूसा-2**

जापान ने अंतरिक्ष मिशन के तहत इस क्षुद्रग्रह के अध्ययन के लिए स्पेसक्राफ्ट हायाबूसा-2 भेजा था। यह साल 2020 में एस्ट्रॉयड रीयुगू से मिट्टी के नमूने लेकर लौटा था। पिछले वर्ष भी यह भी दावा किया गया था कि रीयुगू पर बेहद प्राचीन मौलिक तत्व मिले हैं।

## उत्तरी अल्जीरिया में जंगल में फैली आग, झुलसने से 26 लोगों की मौत

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया के जंगलों में आग फैलने से करीब 26 लोगों की झुलसने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अगस्त माह की शुरुआत के बाद से ही अल्जीरिया में अब तक 106 बार

हुए लोगों की संख्या के बारे में कोई अद्यतन जानकारी नहीं मिली है। आग की वजह से देश के सैन्यबल जेंडरमेरी ने कई सड़कों को बंद कर दिया है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी नष्ट हो गए हैं। बेल्डजौद ने कहा कि कुछ जगह पर खुद लोगों ने आग लगाई थी। हुई मौतों के बाद इस गर्मी में जंगल की आग में मारे गए लोगों की कुल संख्या अब 30 हो गई है।



ने कहा, 14 विला (प्रशासनिक परिषदों) में उनचालीस जगहों पर आग लगी हुई है। वहीं एल तारफ में 16 जगहों पर आग लगने की वजह से कुछ भी नहीं बचा है, यह सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका है। सूक अहरास सहित तीन प्रशासनिक परिषदों में आग पर पानी गिराने के लिए हेलीकॉप्टरों ने बांबी बाल्टी का इस्तेमाल किया है। अगस्त की शुरुआत के बाद से ही अल्जीरिया में आग लगने की 106 घटनाएं हो चुकी हैं। इनकी वजह से 2,500 हेक्टेयर से अधिक जंगल अल्जीरिया अफ्रीका का सबसे बड़ा देश है, लेकिन इसके पास केवल 4.1 मिलियन हेक्टेयर (10.1 मिलियन एकड़) जंगल है। हर साल इस देश का उत्तरी इलाका जंगल की आग से प्रभावित होता है। यह समस्या जलवायु परिवर्तन की वजह से और भी गंभीर हो गई है। पिछले साल भी उत्तरी अल्जीरिया के जंगल में आग लगने से कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई थी, जिससे 100,000 हेक्टेयर से अधिक वनक्षेत्र नष्ट हो गया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## काबुल की मस्जिद में भीषण धमाके में 30 से अधिक की मौत, 40 से अधिक घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के एक साल पूरा होने के कुछ ही घंटे के बाद राजधानी काबुल के उत्तरी भाग के पीडी 17 इलाके में स्थित एक मस्जिद में भीषण बम विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और 40 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। अभी तक इस विस्फोट को लेकर सरकार ने कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है और न किसी आतंकी संगठन ने इसकी जिम्मेदारी ली है।

जानकारी के मुताबिक उत्तरी काबुल की मस्जिद में धमाका तब हुआ जब लोग शाम कि इबादत के लिए यहां एकत्रित हुए थे। काबुल पुलिस के प्रवक्ता बताया कि मस्जिद में भीषण धमाके में बड़ी



संख्या में लोग मारे गए है, अभी तक इस घटना में मारे गए लोगों और घायलों की सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। धमाका बहुत ही जोरदार था। मस्जिद के आसपास के घरों के शीशे भी धमाके की वजह से टूट गए। तालिबान के खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। मरने वालों में मस्जिद का इमाम भी शामिल हैं।

काबुल के इमरजेंसी अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों में एक सात साल का बच्चा भी है।

अस्पताल की तरफ से शुरूआती जानकारी में 27 लोगों के घायल होने की जानकारी दी गई थी। घटना के तुरंत बाद मौके पर सुरक्षाकर्मी और एंबुलेंस पहुंच गई। बता दें कि यह हमला तब हुआ है जब तालिबान अपना विजय सप्ताह बना रहा है। 15 अगस्त 2021 को तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया था।

## लंदन के रेलवे स्टेशन पर भीषण आग, रेल सेवा ठप

**लंदन।** लंदन के साउथ वार्क रेलवे स्टेशन पर भीषण आग लग गयी है। इस कारण लंदन व आसपास के क्षेत्र की रेल सेवा ठप हो गयी है। फायर ब्रिगेड की दस गाड़ियां आग बुझाने में लगानी पड़ीं लेकिन घंटों प्रयास के बाद भी आग पूरी तरह नहीं बुझ सकी। लंदन के मशहूर लंदन ब्रिज के पास स्थित साउथ वार्क रेलवे स्टेशन में स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास भीषण आग लग गयी। बताया गया कि आग यूनियन स्ट्रीट पर रेलवे आर्क में लगी है। तत्काल लंदन फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को इसकी जानकारी



दी गयी। आनन-फानन में मौके पर फायर ब्रिगेड की दस गाड़ियां पहुंचीं। अग्निशमन विभाग के 70 कर्मचारी मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंचे। घंटों प्रयास के बाद भी आग पूरी तरह नहीं बुझ सकी। लंदन ब्रिज के पास से आसमान में काले धुएं की लकीर उठती साफ दिखती रही। आग में तात्कालिक रूप से किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। इस कारण लंदन व आसपास के क्षेत्र की रेल सेवाएं पूरी तरह ठप हो गयीं। लंदन फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने कहा कि जिस साउथ वार्क रेलवे स्टेशन पर आग लगी है, वह लंदन का एक अतिव्यस्त स्टेशन है। आग के कारण यात्रियों को भी अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों के मुताबिक अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस बाबत जांच की जा रही है।